# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 96 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ कार्य स्थल पर तनाव का बढ़ता संकट

धुरंधर के फैन बने ऋतिक रोशन ◀◀ 6


## ईडी की रेड में अरबों के घोटाले का पदार्फाश 700 फर्जी कंपनियों के जरिए दुबई तक जुड़े तार

### कफ सिरप का काला साम्राज्य



**नई दिल्ली/लखनऊ/झारखंड :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उत्तर प्रदेश, गुजरात और झारखंड में 40 घंटे से भी अधिक समय तक चली मैराथन छापेमारी ने नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार की काली कमाई का एक ऐसा सच उजागर किया है, जिसने जांच एजेंसियों के भी होश उड़ा दिए हैं। जांच में सामने आया है कि नशे के इस सौदागरों ने कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए 220 संचालकों के नाम पर 700 से अधिक फर्मों का जाल बुना था। इन फर्जी फर्मों के जरिए अरबों रुपये की काली कमाई की गई। सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह है कि इनमें से अधिकतर कंपनियां सिर्फ कागजों पर चल रही थीं और उनमें दिखाए गए अधिकृत लोग भी महज दस्तावेजों तक ही सीमित थे।

ईडी के सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को यूपी में पहली बार इस स्तर का संगठित फर्जीवाड़ा देखने को मिला है। जिस तरह कदम-कदम पर दस्तावेजों में हेराफेरी की गई, उसने पूरे सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। जांच में यह भी बात सामने आई है कि फेंसिडिल सिरप बनाने वाली कंपनी के कई अधिकारियों को इस अवैध कारोबार की भनक थी, लेकिन उन्होंने चुप्पी साधे रखी। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह ने अपनी पिछली जांच में ही यह इशारा कर दिया था कि एक दवा कंपनी के कई अधिकारी भी जांच के दायरे में आएंगे। अब ईडी द्वारा जुटाए गए ठोस साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की संपत्तियां जब्त करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल बताया जा रहा है, जो दुबई में बैठकर इस पूरे नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा है। जांच में मास्टरमाइंड शुभम, एक पूर्व सांसद के करीबी आलोक सिंह और अमित टाटा के काले कारनामों की परतें खुल रही हैं। गौरतलब है कि जब यूपी एसटीएफ ने अमित और आलोक को गिरफ्तार किया था, तब ये आरोपी बेखौफ नजर आ रहे थे और उन्हें कानून का कोई डर नहीं था। लेकिन जैसे ही ईडी ने एंट्री ली और उनके ठिकानों पर दबिश देकर वित्तीय दस्तावेज खंगालने शुरू किए, आरोपियों के खेमे में खलबली मच गई है। वित्तीय जांच में ईडी को दुबई में छिपे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल के बैंक खातों में भारी मात्रा में संदिग्ध लेन-देन के सबूत मिले हैं। कई ट्रांजेक्शन ऐसे हैं जिनका सिरा नहीं मिल रहा है। रांची और धनबाद की कुछ फर्मों से भी पैसों के आदान-प्रदान के सबूत हाथ लगे हैं। ईडी अब जीएसटी विभाग से इन फर्मों का डेटा मांग रही है, जिससे जांच का दायरा और बढ़ने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस सिंडिकेट से जुड़े कई और सफेदपोशों के नाम और फर्जी फर्मों का खुलासा हो सकता है।

## जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना हुए । ये ऐसे देश हैं जिनके भारत के साथ सभ्यतागत संबंध और बेहतरीन द्विपक्षीय रिश्ते हैं। इन देशों के भारत के साथ सभ्यतागत संबंध और असाधारण द्विपक्षीय संबंध हैं। प्रधानमंत्री ने प्रस्थान से पहले एक बयान में कहा, ह्यह्यसबसे पहले, मैं महामहिम राजा अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन की यात्रा करूंगा। यह ऐतिहासिक यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।

पीएम मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन और प्रधानमंत्री जाफर हसन के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे और क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला से भी मुलाकात करेंगे। इथियोपिया की अपनी पहली यात्रा में प्रधानमंत्री संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे और लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा और भारत-इथियोपिया साझेदारी ग्लोबल साउथ के लिए किस तरह फायदेमंद हो सकती है,

ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अल्प विकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी बातचीत करेंगे और भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्यह्यअपनी यात्रा के अंतिम चरण में, मैं ओमान सल्तनत की यात्रा करूंगा। मेरी यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है। मस्कट में वह रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ मजबूत वाणिज्यिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए ओमान के सुल्तान के साथ चर्चा करेंगे। मोदी ने कहा, मैं ओमान में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की एक सभा को भी संबोधित करूंगा, जिन्होंने देश के विकास और हमारी साझेदारी को मजबूत करने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

## खत्म होगा मनरेगा, ग्रामीण रोजगार पर नया कानून लाने की तैयारी में मोदी सरकार

### सांसदों को दी गई प्रस्तावित बिल का कॉपी



**नई दिल्ली:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को निरस्त करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। एमजीएनआरईजीए ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। इसके बदले में एक नया कानून - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - लाया जाएगा। नए विधेयक में कार्यदिवसों की मौजूदा संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है।

सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच वह विधेयक प्रसारित किया, जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। विधेयक की प्रति के अनुसार, इसमें संसद में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (ग्रामीण विकास मिशन) विधेयक, 2025 को प्रस्तुत करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को निरस्त करने का प्रावधान है।

इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन सभी ग्रामीण परिवारों को एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं; ताकि एक समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ावा दिया जा सके। नया कानून विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं; ताकि एक समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ावा दिया जा सके।

## बोरे में हाथ-पैर बांधकर रिकवरी एजेंट को कार समेत जिंदा जलाया, खौफनाक अंत देख पुलिस भी सन्न



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां औसा तालुका के वानवडा रोड पर एक जली हुई कार के भीतर से बोरे में बंद एक शख्स की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान आईसीआईसीआई बैंक के रिकवरी एजेंट के तौर पर हुई है। शुरूआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद खौफनाक हैं। पुलिस को आशंका है कि अपराधियों ने व्यक्ति को पहले बोरे में बांधा और फिर उसे कार के अंदर ही जिंदा जला दिया। इस नृशंस हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान औसा तांडा के रहने वाले गणेश चव्हाण के रूप में हुई है। वह बैंक में रिकवरी एजेंट का काम करते थे। घटना की जानकारी तब मिली जब रात के वक्त डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई कि वानवडा रोड पर एक कार धू-धू कर जल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद जब आग पर काबू पाया गया और गाड़ी की जांच की गई, तो अंदर का मंजर देखकर सभी सन्न रह गए। कार के अंदर एक बोरे में गणेश चव्हाण का जला हुआ शव पड़ा था।

जांच अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से शव बोरे में मिला है, यह साफ तौर पर हत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि रिकवरी एजेंट की हत्या के पीछे कोई पुरानी रंजिश थी या फिर पैसों के लेन-देन का कोई विवाद। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## फंदे से लटका मिला एक ही परिवार के चार लोगों का शव,मचा हड़कंप



**मुजफ्फरपुर :** जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौलिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गोपी कार बाजार के समीप एक घर से एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव एक साथ मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में पिता और उसकी 3 नाबालिग बेटियां शामिल हैं। सभी के शव घर के भीतर फंदे से लटके पाए गए। मृतक की पहचान अमरनाथ राम (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, उनकी बेटियां अनुराधा कुमारी (12 वर्ष), शिवानी कुमारी (11 वर्ष) और राधिका कुमारी (8 वर्ष) भी इस दर्दनाक घटना का शिकार हुई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, अमरनाथ राम लंबे समय से कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव में आकर उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। हालांकि पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और हर पहलू पर पड़ताल जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने भी घटना को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## अफीम-डोडा तस्करी का भंडाफोड़, 2 तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**हजारीबागः** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोरर थाना क्षेत्र से अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री में संलिप्त दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

कार की डिक्की से अफीम एवं डोडा बरामदः यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना के अनुसार कनहरी पहाड़ के समीप कुछ तस्कर अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री कर रहे थे। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा कनहरी हिल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान चरही की ओर से आ रही सफेद रंग की एक स्वीफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार सवार तेजी से वाहन भगाने लगे, जिसे छापेमारी दल ने पीछा कर ओवरटेक करते हुए कार सहित उसमें सवार व्यक्तियों को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में कार की डिक्की से अफीम एवं डोडा बरामद किया गया।

मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी हैः पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम ईशु कुमार सिंह उर्फ नन्हे, पिता स्व. सुधांशु सिंह, साकिन पटना रोड उजैना, थाना बरही तथा विजय कुमार गुप्ता उफ बिक्कु, पिता स्व. सुखदेव साव, साकिन रसोईया धमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग बताया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अफीम एवं डोडा खूंटी जिला के तमाड़-रायडीह क्षेत्र से लेकर बरही की ओर जा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 1.980 किलोग्राम अफीम, 20 किलोग्राम डोडा, 5500 रुपये नगद, एक स्वीफ्ट कार एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, कोरर थाना प्रभारी अजीत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

राज्यसभा में जेपी नड्डा ने कहा-

## कांग्रेस की रैली में हुआ पीएम का अपमान सोनिया गांधी को मांगनी चाहिए माफी



**नई दिल्लीः** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

इस बीच, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। रिजिजू ने कहा, रैली में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे और प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए गए। कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया।

समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेद भले ही हों, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में बोलते समय हमें संयम बरतना चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने कहा कि इस तरह के नारे लगाना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, चाहे कुछ भी हो जाए, वह (नरेंद्र मोदी) प्रधानमंत्री हैं। रविवार को भाजपा पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों का विरोध करने के लिए आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू लता मीना ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 'कबर' नारा लगाया।

बाद में जब पत्रकारों ने उनसे इस टिप्पणी के बारे में पूछा, तो उन्होंने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वह केवल वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा, वह (प्रधानमंत्री मोदी) रोजगार, युवाओं, महिलाओं या किसानों की बात नहीं करते। वह मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं। हालांकि, उनकी इस टिप्पणी ने विवाद को जन्म दिया, जिसके बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मांग की कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्षं सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

## समाचार सार



### अनियंत्रित कार ने बिजली के खंभे में मारी टक्कर, लाइट हुई गुल

**खूंटी:** तोरपा थाना क्षेत्र के डोडमा तेली टोली में रविवार शाम एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक अनियंत्रित अल्टो कार ने मुख्य सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मार दी। घटना रविवार (14 दिसंबर) की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा टूटकर कार के ऊपर ही गिर गया। इससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से कार चालक, तोरपा थाना क्षेत्र के रोड़ो निवासी समसुल अंसारी, इस हादसे से सुरक्षित बच गए।

हालांकि, खंभे के टूटने और गिरने के कारण उस क्षेत्र के सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जा रहा है कि समसुल अंसारी तोरपा से अपने गांव रोड़ो लौट रहे थे।

स्थानीय लोगों ने जब टक्कर की सूचना दी, तो तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर ने तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित किया और तत्काल बिजली आपूर्ति बंद करवाई। इस त्वरित कार्रवाई से कोई बड़ा हादसा टल गया।

बिजली विभाग की टीम मरम्मत का काम कर रही है, ताकि ग्रिड को दोबारा चालू किया जा सके और क्षेत्र में बिजली बहाल हो सके। पुलिस ने भी मामले की जानकारी ले ली है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### ट्रेलर से बैटरी चोरी, दुकान में चोरी का प्रयास विफल



**रानिया (खूंटी):** कोलेबिरा स्टेट हाईवे पर रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा में मुख्य सड़क के किनारे खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली है। घटना शनिवार-रविवार की दोपहर 12:30 बजे के आसपास हुई। ट्रेलर चालक चांद आलम (कोडरमा निवासी) ने बताया कि ट्रेलर में 12 वोल्ट की दो बैटरी लगी थीं, जिन्हें चोर ले गए। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई है।

इसी रात चोरों ने रायकेरा में मुख्य मार्ग किनारे एक संचालित किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और वे मौके से भाग गए। गौरतलब है कि इसी वर्ष 31 अक्टूबर को इन चोरों ने इसी दुकान में चोरी के इरादे से चेन ताला तोड़ने का प्रयास किया था और दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर झाड़ी में फेंक दिया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दिनेश कुमार भारती बने गिद्धौर प्रखंड का मीडिया प्रभारी



**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड के बारिसाखि गांव निवासी दिनेश कुमार भारती को सांसद कालीचरण सिंह ने गिद्धौर प्रखंड के मीडिया प्रभारी के रूप में मनोनीत किया है। इधर दिनेश कुमार भारती को सांसद के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। वहीं सांसद के प्रति आभार प्रकट किया है। दिनेश भारती ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ सांसद ने दायित्व सौंपा है ।उस पर मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा। बधाई देने वालों में संसद प्रतिनिधि बबलू कुमार साव, ब्रजेश कुमार सिन्हा,प्रीतम कुमार याद सहित अन्य शामिल है।

### भाजपा पार्टी के गिद्धौर मंडल अध्यक्ष बने प्रेमचंद कुमार यादव




**गिद्धौर(चतरा):** भाजपा पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता प्रेमचंद कुमार यादव को भाजपा पार्टी के गिद्धौर मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है ।नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को पार्टी की ओर से अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का सुझाव दिया गया ।निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ता को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही साथ मंडल अध्यक्ष को कार्यकताओं ने बधाई दी है। कार्यकताओं ने कहा कि प्रेमचंद कुमार यादवव को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में पार्टी और मजबूत बनेगी। जबकि क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से होगा ।वहीं ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार दांगी,उप प्रमुख प्रीतम कुमार यादव,चमारी प्रसाद दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन दांगी, शिवकुमार दांगी,अमीर दांगी, धनेश्वर दांगी,अशोक कुमार गुप्ता, उपेंद्र साव,मनोज कुमार यादव,अमरनाथ दांगी,राजेंद्र दांगी,मंटू कुमार,संतोष कुमार, सुबोध कुमार चौबे,संतोष दांगी,महादेव दांगी,संजय कुमार यादव,उमेश यादव सहित अन्य शामिल है।

# मुख्यमंत्री से मिले ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर झारखंड में निवेश को लेकर बनी सहमति

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम ने शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ प्रोफेसर सुशान मार्क्स, अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञ टॉम सैंडरफोर्ड, फर्स्ट सेक्रेटरी तथा सीनियर इकोनॉमिक रिसर्च ऑफिसर सुश्री अनघा भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने सभी विदेशी अतिथियों का पारंपरिक झारखंडी अंगवस्त्र और बुके भेंट कर



गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के बीच कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, बातचीत का प्रमुख विषय झारखंड में विदेशी निवेश की संभावनाएं रहीं। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों, खनन, ऊर्जा, उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर गहरी रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को झारखंड सरकार की औद्योगिक नीति, निवेशकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और राज्य में बनाए जा रहे निवेश अनुकूल माहौल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक विदेशी निवेश झारखंड में आए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल सकें और राज्य औद्योगिक विकास के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभा सके।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी बताया कि इसी दिशा में पहल करते हुए वे अगले वर्ष जनवरी में लंदन और स्विट्जरलैंड की विदेश यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशकों को झारखंड की संभावनाओं से अवगत कराना और राज्य में औद्योगिक विकास को नई गति देना है।

# गुमला में प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला की मौत, व्यवस्था पर उठे सवाल



**संवाददाता**

**गुमला :** जिले के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से रविवार को एक हृदय विदारक और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करने वाली घटना सामने आई है। सुदूरवर्ती दीरगांव पंचायत अंतर्गत झलकापाट गांव में सड़क सुविधा के अभाव के कारण एक गर्भवती महिला की जान चली गई। प्रसव पीड़ा से जूझ रही सुकरी कुमारी (उम्र लगभग 30 वर्ष), पति जगन्नाथ कोरबा, को परिजन और ग्रामीण डोली में लादकर अस्पताल ले जाने को मजबूर हुए।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सुकरी कुमारी को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस और ममता वाहन के लिए संपर्क किया, लेकिन गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण कोई भी वाहन वहां तक नहीं पहुंच सका। मजबूरी में ग्रामीणों ने बहंगी तैयार की और महिला को उसमें लादकर करीब एक किलोमीटर पैदल काड़ासिल्ली गांव तक ले जाया गया। इस दौरान महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

काड़ासिल्ली गांव पहुंचने के बाद ममता वाहन की व्यवस्था हो सकी, जिसके जरिए महिला को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी स्थिति गंभीर बनी रही। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

दुर्भाग्यवश, सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुकरी कुमारी की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर सड़क और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होतीं, तो सुकरी कुमारी की जान बचाई जा सकती थी। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और सरकारी दावों की सच्चाई को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग की है।



### विधायक ने किया 'कंप्यूटर हब' का उद्घाटन, सीसीटीवी सुविधा भी उपलब्ध

**चतरा:** चतरा शहर के निवासियों के एक बड़ी सौगात आई है। बहुप्रतीक्षित कंप्यूटर हब दुकान का भव्य उद्घाटन रविवार को गर्ल्स हाई स्कूल के निकट किया गया। दुकान का उद्घाटन स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

दुकान के प्रोपराइटर मोहम्मद शाहनवाज ने दावा किया है कि यह दुकान शहर में कंप्यूटर और लैपटॉप संबंधी सभी जरूरतों को एक ही जगह पर पूरा करेगी।

**सुविधाओं की भरमार:** शहर में अपनी तरह की यह पहली दुकान है, जहां ग्राहकों को नया और पुराना दोनों तरह का कंप्यूटर और लैपटॉप उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही, ग्राहकों को सेल (बिक्री) और सर्विस (मरम्मत) की बेहतरीन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। ?विशेष सुविधा: कंप्यूटर हब में सीसीटीवी कैमरा की बिक्री और इंस्टॉलेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। सुरक्षा के लिए कैमरा लगवाने हेतु इच्छुक व्यक्ति दुकान पर संपर्क कर सकते हैं।? उद्घाटन के अवसर पर विधायक जनार्दन पासवान ने प्रोपराइटर मोहम्मद शाहनवाज को बधाई दी और कहा, इस तरह की पहल से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि चतरा की जनता को भी आधुनिक तकनीक से जुड़ने के लिए सुविधा मिलेगी। ?प्रोप्राइटर मोहम्मद शाहनवाज ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि चतरा जिला के लोगों को कंप्यूटर या लैपटॉप खरीदने या ठीक कराने के लिए अब शहर से बाहर न जाना पड़े। 'कंप्यूटर हब' में उन्हें उच्च गुणवत्ता का सामान और सेवा सबसे बेहतर मूल्य पर मिलेगी। ?इस अवसर पर कारी नौशाद आलम, राजा कुमार, मालाकार और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे,

### वन समिति अध्यक्ष चयन में मनमानी का आरोप,ग्रामीणों ने डीएफओ से की शिकायत



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत ग्राम पोस्तिया में वन रक्षा समिति के अध्यक्ष चयन में वनरक्षी एवं गांव के कुछ दबंग लोगों पर ग्रामीणों ने मनमानी का आरोप लगाया है । इसको लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने चतरा उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी( डीएफओ) को एक आवेदन सौंपा है। ग्रामीण संतोष यादव, मुकेश भारती, मालती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने वन समिति अध्यक्ष के चयन में मनमानी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गुरुवार करीब 10 बजे वन समिति अध्यक्ष चयन हेतू नर्सरी के पास बैठक रखा गया था । जिसमें लगभग 150 की संख्या में ग्रामीण जुटे थे। परंतु वन रक्षी एवं गांव के कुछ दबंग लोगों के मिलीभगत से कुछ ही लोगों के बीच चुनाव अलग स्थान पर उन्हें बिना कोई सूचना दिये ही बाहर धनगिरी निवासी कुलदीप यादव को वन समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया है ।इस संबंध में वनपाल प्रभारी दीपक खलखो से पूछने पर बताया कि वन समिति का चुनाव सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में कराई गई है। मेरे उपर लगाये गये आरोप बेबुनियाद है। वहीं रेंजर सूर्यभूषण कुमार ने बताया कि मामले की समीक्षा की जा रही है।

# वन आरोग्य पार्क में निर्मित वुड हाउस और आकाश टॉवर का लोकार्पण

**चतरा:** झारखंड परिवर्तन एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय के सौजन्य से जिले के हंटरगंज प्रखंड के हटवारिया में वन विभाग के द्वारा करोड़ों की लागत से वन आरोग्य पार्क का निर्माण कराया गया है। पार्क का उदघाटन सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य स्थापना दिवस पर ऑन लाइन किया था। रविवार को पार्क और पार्क में नवनिर्मित वुड हाउस एवं वॉच टॉवर का सांसद कालीचरण सिंह व चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर लोकार्पण किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, डीएफओ राहुल मीणा,भाजपा



जिला उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह मौजूद थे ।यह पार्क लगभग पच्चास एकड़ में फैला हुआ है। पार्क में रंग बिरंग के फूल मनमोहक है ।पार्क के बीच में निर्मित बड़ा तालाब और चारों ओर रंग बिरंग फूलों का कतार आकर्षक का केंद्र बिंदु है। विशाल प्रवेश द्वार और बड़े पैमाने पर बहुरंगीय गेंदा फूल मनमोहक है ।कई तरह के आर्टिफिशल जानवर भी बनाए गए हैं ।जो जंगली क्षेत्र होने का एहसास दिलाता है ।सैलानियों के रेस्ट के लिए वुड हाउस का निर्माण किया गया है ।जो इस इलाके के लिए अनोखा दृश्य पैदा करता है ।आंकाश टॉवर भी इस इलाके के लिए नमूना है जिस से सैलानियों के लिए अनोखा दृश्य पैदा करेगा ।सांसद कालीचरण सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र के लिए अनूठा और बेमिसाल है। यहां सैलानी घूमने आएंगे और प्राकृतिक से रूबरू होंगे ।वहीं पिकनिक और किसी पर्व के मौके पर घूम कर आनंद उठाएंगे ।सुरक्षा और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जो कुछ कमी नजर आई है संबंधित विभाग को इस की जानकारी दी जाएगी ।साथ डीसी से इस मामले को लेकर चर्चा किया जाएगा ताकि टूरिस्ट सुरक्षित महसूस करें।

# 72 एकड़ भूमि में इको पार्क का हुआ भव्य लोकार्पण

## सांसद, विधायक, उपायुक्त, डीएफओ समेत जनप्रतिनिधियों और समाज सेवायों ने किया विधिवत्त लोकार्पण

**संवाददाता**

**चतरा:** जिला मुख्यालय स्थित शहर से बिल्कुल सटे महिला महाविद्यालय के समीप वन विभाग द्वारा 72 एकड़ भूमि में नवनिर्मित इको पार्क का विधिवत लोकार्पण रविवार को किया गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने विधिवत रूप से फीता काटकर पार्क का लोकार्पण किया। इस मौके पर सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, उपायुक्त कृतिश्री , सिमरिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा, डीएफओ मुकेश कुमार, राहुल कुमार मीणा, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) सूर्य भूषण कुमार, वन कर्मी समेत कई



मौजूद थे। लोकार्पण के पश्चात ही ईको पार्क जनता को समर्पित कर दिया गया। इको पार्क में प्रकृति, सौंदर्य और कला का अदभुत संगम नजारा देखने को मिलेगा। पार्क में अष्टकोणीय विक्टोरियन शैली का गजीबो दर्शनीय हैं। नक्काशीदार खंभों, कलात्मक रेलिंग और मनमोहक छतों वाले गजीबो के शाही लुक लुभाते हैं। पार्क में प्रवेश करते ही कलात्मक रूप से बने झरने पर नजर पड़ती है। इसकी कलकल करती जलधारा अपनी धुन में संगीत रचती हुई आपके स्वागत के लिए तैयार है। पार्क में सुगंधित फूलों और हरे भरे पेड़ों की प्राकृतिक भूल भुलैया रोमांचक है। पार्क में



बने एमपी थियेटर और उसका खुला मंच भी दिलकश है। पार्क में बच्चों के लिए चिल्ड्रन प्ले एरिया भी गजब की है। इको पार्क का रोज गार्डन भी मनमोहक है। इसमें फूल खिले हैं। यहां के रंग-बिरंगे गुलाबों को देखकर ऐसा लगता है, जैसे प्रकृति ने अपनी सारी सुंदरता यहीं बिखेर दी हो। लाल, गुलाबी, पीले और सफेद गुलाबों से भरी क्यारियां किसी कलाकार की बनाई पेंटिंग जैसी लगती हैं। पार्क में आप यहां बैठकर अपने सारे गम भूल जाएंगे। चतरा का नया बाईपास सड़क इसी पार्क के पास से (पूरब में) गुजरेगी और बनारस कोलकाता ग्रीन एक्सप्रेस वे इस बाईपास के ऊपर से फ्लाई करते हुए आगे बढ़ेगी। पत्रकारों से बात करते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह जी ने कहा कि ईको पार्क का निर्माण चतरा के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने वन विभाग के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब लोगों को घूमने जाने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। सांसद ने कहा कि आने वाले समय में पार्क में कैफेटेरिया के निर्माण की बात भी आ रही है। उन्होंने आम लोगों से कहा कि पार्क में घूमे और आनंद उठाए और पार्क की साफ सफाई का ध्यान रखें। वहीं उपायुक्त कृतिश्री जी ने ईको पार्क के निर्माण के लिए वन विभाग के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां के नागरिकों के लिए हर्ष का विषय है।

# ओरमांझी में जंगली हाथी का उत्पात, दो घायल, फसल किया बर्बाद

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आज सुबह उस समय दहशत फैल गई, जब जंगल से भटककर एक जंगली हाथी गांव में प्रवेश कर गया। हाथी ने कई खेतों में घुसकर फसलों को रौंद दिया और विरोध करने पर दो ग्रामीणों को घायल कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। वनकर्मी हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। वन विभाग का कहना है कि हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर वापस भेजने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि किसी और तरह का नुकसान न हो।

फिलहाल ओरमांझी इलाके में वन विभाग की टीम तैनात है और हालात पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाथी के पास जाने की कोशिश न करें।



## कोतवाली थाना प्रभारी का तबादला पुलिस केंद्र में योगदान का आदेश

**रांची:** कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आदिकांत महतो का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। अब उन्हें पुलिस केंद्र, रांची में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। एसएसपी कार्यालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वे अविलंब पुलिस केंद्र, रांची में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

## सिल्ली थाना परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**मुरी:** सिल्ली थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में थाना के पदाधिकारियों और चौकीदारों ने मिलकर श्रमदान करते हुए परिसर की साफ- सफाई की। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि सभी अपने घर के आसपास स्वच्छता रखे। इसे दिनचर्या में शामिल करे। भारत स्वास्थ्य राष्ट्र की कल्पना गांधीजी ने की थी। उनकी कल्पना को सकार करने के लिए मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। स्वच्छता स्वास्थ्य जीवन का महत्वपूर्ण कदम है।

## मुरी हिण्डालको में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह




**मुरी:** हिण्डालको में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया। गैदरिंग का आयोजन यूनाइटेड चर्च ने किया था। जिसमें कैथोलिक चर्च, जीईएल चर्च,सीजन आई चर्च, डुबकी मिशन समेत सभी अन्य चर्च के लोग शामिल हुए। इसे गैदरिंग के रूप में मनाया जाता है। जहां प्रभु यीशा मसीह की महिमा गीत गूंजती रही। प्रभु यीशा मसीह की महिमा गीत पर महिलाओं द्वारा स्टेज पर नाच- गान प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नागपुरी भजन प्रस्तुत किया गया। जहां काफी संख्या में लोगों ने गैदरिंग में भाग लिया। कार्यक्रम शांति पूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## श्मशान घाट का निर्माण पूरा नहीं होने से लोगों में आक्रोश



**मुरी:** राजा गोडा निमुआ गाँव में उरंगढा तट पर बने अधूरे श्मशान घाट निर्माण को लेकर गांव के लोग आक्रोशित है। गाँव के मुखिया सोमरा मांझी ने बताया कि इसका काम गांव की सभा से पारित कर लाभुक ग्रामीण को दिया गया था। वही ग्राम प्रधान प्राण मुंडा ने बताया कि श्याम राय महतो और शम्भू महतो की जिम्मेदारी में काम सौंपा गया था। चार पांच साल बीत गया है हम बनाने को बोलते है तो सुन कर रह जाता था। जबकि ग्रामीण का कहना है कि श्मशान घाट की जमीन ढलाई नहीं है, ना ही दीवार पर प्लास्टर है। इससे बरसात में लोगों को काफी परेशानी होती है।

## क्रिस्मस फीवर की शानदार शुरूआत



**रांची:** आज आईफा इंटरनेशनल रांची में क्रिस्मस फीवर की रंगारंग शुरूआत हुई। इस अवसर पर ड्रेस लाइक शांता तथा पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। नन्हे-नन्हे सांता बने बच्चों ने रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता रंगों के माध्यम से उभरकर सामने आई।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सगुफता बानो, सदाना परवीन तथा अलमा हसन शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन के द्वारा प्रदान किए गए। पूरे परिसर में क्रिस्मस की खुशियाँ, उल्लास और बच्चों की मुस्कान छाई रही, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## निवारणपुर में सांसद मद से सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन संपन्न

**रांची:** शहर के निवारणपुर में सोमवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के सौजन्य से सामुदायिक भवन का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। पुरोहित सपन कुमार घोषाल ने भूमि पूजन/शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने कहा कि निवारणपुर में विभिन्न धार्मिक-सामाजिक आयोजनों के अवसर पर भोग सामग्री आदि निर्माण के लिए स्थल की परेशानी होती थी। मोहल्लेवासियों ने इस संबंध में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से अनुरोध किया था। तत्पश्चात सांसद (राज्यसभा) दीपक प्रकाश ने अपने सांसद मद से उक्त स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए अनुशंसा की। इस अवसर पर शहर के जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट, मुरारी लाल शर्मा, राजीव रंजन, मुकेश कुमार सिंह, सुब्रतो बोस, राकेश कुमार सिंह, राहुल बरुआ, संजय द्विवेदी, छोटू शाहदेव, अभिषेक सिंह, विकास शर्मा, अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे। इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए सांसद दीपक प्रकाश के प्रति मोहल्लेवासियों ने आभार जताया।






## एकता कमेटी ने गरीबों व जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के मुख्य कार्यालय में मुख्य अतिथि रीता सिंह ने गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच लोगों को कंबल का वितरण किया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा के गरीब जरूरतमंद लोगों को मदद करना सबसे बड़ा धर्म है। मानवता इंसानियत को हमेशा हर व्यक्ति हर इंसान को बनाए रखना चाहिए। मानव सेवा से बड़ा कोई भी धर्म नहीं होता। इस शुभ अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने मुख्य अतिथि मैडम रीता सिंह को साल ओढा कर और बुके देकर सम्मानित किया। आज भारतीय एकता कमेटी के मुख्य कार्यालय में 140 कंबलों का वितरण किया गया । आज के इस कार्यक्रम में आरके सिंह, संजय पाल संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सचिव रामेश्वर राम, प्रोफेसर मोहम्मद वसीम निसार, बाबा मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद सितारे, मोहम्मद खुर्शीद, मनोज राम, पवन कुमार, मोहम्मद जफर ,मोहम्मद अशफाक, गुलाम अरबाज, मोहम्मद नसीम, खुर्शीद आलम ,प्रमोद कुमार मोहम्मद, जीशान और कई लोग उपस्थित थे।

# श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में महाप्रसाद का हुआ वितरण



मेट्रो रेज

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 242वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आज का महाप्रसाद श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आयोजित किया गया।श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तथा मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी द्वारा श्री राधा कृष्ण, श्री श्याम प्रभु पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आज श्री राधा कृष्ण मंदिर में आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ,नंदकिशोर चौधरी, प्रभास गोयल, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, मनीष सोनी, संजय सर्राफ,धीरज गुप्ता,परमेश्वर साहू, हरीश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## भाजपा के लिये ऊजार्वान साबित होंगे नितिन नवीन : डॉ प्रणव कुमार बब्बू

**रांची :** अधिवक्ता, भाजपा नेता और भारतीय कायस्थ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि बिहार के पथ निर्माण मंत्री और हाल ही में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मतों से जीतकर आये नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाना पूरी भारतीय जनता पार्टी के लिये ऊजार्वान निर्णय साबित होंगा। डॉ बब्बू ने कहा कि श्री नवीन की व्यवहार कुशलता, कर्मठता और उनके पारिवारिक संस्कार को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार पुनः यह साबित कर दिया है कि वह कार्यकताओं की क्षमता को पहचानना और उसे सम्मानजनक स्थान देना बखूबी जानती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ बब्बू ने कहा कि यह केवल नितिन नवीन का चयन नहीं बल्कि कुल मिलाकर बिहार, झारखण्ड और संपूर्ण हिंदी बेल्ट के साथ ही उस समाज का भी सम्मान है जो सदैव से भाजपा के प्रति समर्पित रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन

# आगामी राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन का आयोजन रांची में करने का निर्णय

## सर्व समुदाय का हितैषी है सुंडी शौंडिक समाज : धीरज साहु

मेट्रो रेज



**रांची/नई दिल्ली:** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता व अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह के संयोजक बीरेंद्र साहु ने बताया कि दिल्ली स्थित प्यारेलाल भवन में दिल्ली सुंडी समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, अखिल भारतीय शौंडिक संघ, एवं झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम में देश विदेश से प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता पूर्व सांसद एवं वरीय समाजसेवी संगठन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहु बतौर मुख्य अतिथि, प्रो.रामअवतार पूर्वे, विशिष्ट अतिथि सांसद आदित्य साहु, सांसद सौमित्र खां, बिहार सरकार में मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विधान परिषद सदस्य रेखा गुप्ता,पूर्व शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे, विधायक डॉ स्वेता गुप्ता, डॉ वरुण,डॉ। प्रकाश चंद्रा, विधायक बैजनाथ प्रसाद, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी, नेत्री शेफाली गुप्ता, कुम कुम देवी,इस्कॉन ग्रुप से प्रभु मधु माधव दास,रांची के इस्कॉन अनुयायी अरुण देव,श्याम सुंदर प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, आनन्द गुप्ता, ओम प्रकाश, उपेन्द्र प्रसाद, मुकुल देवराज सहित अन्य गणमान्य मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो राम अवतार महतो ने की।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मांग पत्र भेज कर सुंडी शौंडिक जाति को दिल्ली प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की सूची में जल्द शामिल करने की मांग महासम्मेलन में शामिल देश विदेश के हजारों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रखी गई। शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने इसे गंभीरता से लेते कि दिल्ली में कई दशकों से दिल्ली में रहने बसने वाले सुंडी कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद होकर छत्तीसगढ़, उड़ीसा,झारखंड,तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंच परगना झारखंड, योगेश्वर पलानी परगना,नेपाल,मिथिलांचल, दुबई, मॉरिशस,भूटान जैसे अनेक स्थानों से सुंडी शौंडिक समाज के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर समाज के लिए भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चट्टानी एकता को विश्व के मानचित्र पर दिखाया।

## संविधान दिवस सह अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम संपन्न

# संविधान @ 75 विषय पर की गयी विस्तृत चर्चा



मेट्रो रेज

**रांची:** अधिवक्ता परिषद झारखण्ड के तत्वावधान में रांची महानगर इकाई द्वारा संविधान दिवस सह अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम का आयोजन छोटानागपुर विधि महाविद्यालय नामकुम रांची में संपन्न हुआ। जिसमें संविधान @ 75 विषय पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण (सेवानिवृत) पूर्व सदस्य सशस्त्रबल न्यायाधिकरण एवं पूर्व आर्मी कमांडर सह कर्नल कमांडेंट महार रेजिमेंट ने कहा कि आम आदमी को संविधान में लिखित कानूनी भाषा समझ में नहीं आती है जिसे सामान्य भाषा में समझाना पड़ता है जिसे अधिवक्तागण बखूबी आम आदमी को समझाते है और इसमें अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ताओं का वृहत सहयोग रहता है ।उन्होंने आगे कहा कि अधिवक्ताओं को एक जुट होकर आम आदमी को संविधान के नियमों को समझाना होगा ताकि आम नागरिक एक अच्छा उत्तरदायी और शिष्टाचारी नागरिक बन सके तथा वो यम और नियम दोनों का अनुपालन कर सके । वहीं मनचासिन विशिष्ट अतिथि छोटा नागपुर विधि महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज चतुर्वेदी द्वारा यह याद दिलाया गया कि संविधान निर्माण के समय संविधान सभा में हमारे झारखण्ड से जयपाल सिंह मुंडा, विनोदानंद झा, बिपिन सोय इत्यादि करीब सात महापुरुष शामिल सदस्य थे । उन्होंने आगे कहा कि हमारा संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है ।

## रांची में फिट इंडिया साइक्लिंग संडे का सफल आयोजन



**रांची:** फिट इंडिया साइक्लिंग संडे कार्यक्रम का सफल आयोजन 14 दिसंबर को रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में 1971 के विजय दिवस की वीरता और विजय के स्मरण हेतु खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों तथा सशस्त्र बलों के सदस्यों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साइक्लिंग रैली की शुरूआत मोरहाबादी, रांची स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के गेट संख्या 16 से हुई, जिसने प्रातःकालीन फिटनेस अभियान की ऊजार्वान और प्रेरणादायी शुरूआत की।

यह कार्यक्रम सशस्त्र बलों के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें साई एसटीसी रांची के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में अनुशासन, टीमवर्क और सामुदायिक सहभागिता की उत्कृष्ट झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथियों ब्रिगेडियर राजकुमार, स्टेशन कमांडर, रांची मिलिट्री स्टेशन तथा कर्नल एसडी रामकृष्णा की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। इस अवसर पर करण साधवानी, सहायक निदेशक, साई एसटीसी रांची, सहित प्रशिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

इस पहल के माध्यम से साइक्लिंग को एक आनंददायक, पर्यावरण-अनुकूल एवं स्वास्थ्यवर्धक शारीरिक गतिविधि के रूप में प्रोत्साहित किया गया, जो फिट इंडिया मूवमेंट की उस परिकल्पना के अनुरूप है जिसका उद्देश्य नागरिकों में शारीरिक फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन ने सामूहिक फिटनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा एक स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति साई रांची की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**निविदा सूचना**

संख्याः डब्ल्यू.ए./ई–टेण्डर/15/2025 दिनांक : 17.11.2025

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजीनियरिंग), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा संख्या : 112/2025 कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/राणाप्रतापनगर उपखंड : ZRTI उदयपुर में शैक्षणिक ब्लॉक भवन में सुधार, सम्मेलन हॉल, मीटिंग हॉल का नवीनीकरण, विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ीकरण एक लिफ्ट का प्रावधान तथा संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत : रूपये 73,39,639.34 बयाना राशि : रूपये 1,46,800/– निविदा की अंतिम दिनांक : 18.12.2025 2. निविदा संख्या : 140/2025 कार्य का नाम : उदयपुर लॉन्ड्री में लॉन्ड्री मशीनों के वृद्धि और लिनन सुविधाओं में सुधार से संबंधित शेड, 300 kl GLR, 50 kl OHT के साथ बोरवेल और पाइपलाइन तथा विद्युत पॉवर सबस्टेशन का कार्य सम्बंधित विद्युत कार्यों के साथ। अनुमानित लागत : रूपये 3,16,87,400.60 बयाना राशि : रूपये 3,08,400/– निविदा की अंतिम दिनांक : 18.12.2025 3. निविदा संख्या : 148/2025 कार्य का नाम : अजमेर पुराने एडीएसए हॉकी ग्राउंड अजमेर मंडल के पास स्थित नाले को शिफ्ट करना। अनुमानित लागत : रूपये 44,54,122.47 बयाना राशि : रूपये 89,100/– निविदा की अंतिम दिनांक : 05.01.2026 4. निविदा संख्या : 149/2025 कार्य का नाम : अजमेर मंडल के उमरा गुड्स शेड में पूर्ण सतह निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, चारदीवारी और कवर शेड का निर्माण तथा घोसुंडा, खेमली और देबारी स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के साथ संलग्न शौचालयों का निर्माण सम्बंधित विद्युत कार्यों के साथ। अनुमानित लागत : रूपये 4,48,00,896.36 बयाना राशि : रूपये 3,74,000/– निविदा की अंतिम दिनांक : 19.12.2025 5. निविदा संख्या : 156/2025 कार्य का नाम : 11 स्टेशनों (स्वरूपगंज, भीमाना, किवरली, मोरथला, श्रीअमीरगढ, सरोत्रारोड, इकबालगढ़, जेथी, चित्रासनी, करजोडा, मावल) पर ओ.एफ.सी. कक्षों के निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत : रूपये 51,18,277.77 बयाना राशि : रूपये 1,02,400/– निविदा की अंतिम दिनांक : 29.12.2025 6. निविदा संख्या : 159/2025 कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियंता / राणाप्रतापनगर एवं डूंगरपुर उपमंडल : प्लेटफार्म नंबर 1 घोसुंडा, भूपालसागर, खेमली, देबारी पर 2 पै कवर शेड तथा प्लेटफार्म नंबर 2 भूपालसागर, फंडोली, लुसाडिया – बस प्रकार का कवर शेड बनाने का कार्य सम्बंधित विद्युत कार्यों के साथ। अनुमानित लागत : रूपये 1,06,88,017.37 बयाना राशि : रूपये 2,03,500/– निविदा की अंतिम दिनांक : 31.12.2025 7. निविदा संख्या : 160/2025 कार्य का नाम : अजमेर मंडल सहायक मण्डल अभियंता / डूंगरपुर और राणाप्रतापनगर के क्षेत्राधिकार में विभिन्न कर्मचारी आवासों में सुधार के कार्य जैसे कि टाइप–1 क्वार्टर में बाथरूम प्रदान करना, स्टील जाफरी, प्लास्टरिंग, पेंटिंग, छत की लीकेज मरम्मत और पाइपलाइन मरम्मत आदि सम्बंधित विद्युत कार्यों के साथ का कार्य। अनुमानित लागत : रूपये 4,55,94,764.88 बयाना राशि : रूपये 3,78,000/– निविदा की अंतिम दिनांक : 31.12.2025 8. निविदा संख्या : 153/2025 कार्य का नाम : मदार ब्यावर खंड में थ्रू टर्न आउट रिन्युअल वेल्डएबल सीएमएस क्रासिंग (91) सेट का कार्य एवं एडीएन / लाईन / अजमेर के कार्य सीमा में एसइजे का कैजुअल रिनुअल का कार्य। अनुमानित लागत : रूपये 78,65,367.89 बयाना राशि : रूपये 1,57,300/– निविदा की अंतिम दिनांक : 05.01.2026 9. निविदा संख्या : 154/2025 कार्य का नाम : मदार से करजोडा खंड में सहा. मंडल इंजी. लाईन अजमेर के कार्य सीमा क्षेत्र मे स्थित पैसेंजर लूप लाइनों को 60 kg नई रेलों से CTR करने का कार्य / 6.607 कि.मी. अनुमानित लागत : रूपये 3,28,15,735.69 बयाना राशि : रूपये 3,14,100/–निविदा की अंतिम दिनांक : 05.01.2026 10. निविदा संख्या : 155/2025 कार्य का नाम : अजमेर मण्डल पर स्थित FOB/ROB के तहत फाल्स कैटनरी का प्रावधान, LS वायर, एंडिंग क्लैंप का रिप्लेसमेंट एवं मिट्टी की बैक फिलिंग और अन्य विविध OHE से सम्बन्धित गतिविधियों को इम्प्रूव करने का कार्य । अनुमानित लागत : रूपये 41,28,589.00 बयाना राशि : रूपये 82,600/– निविदा की अंतिम दिनांक : 05.01.2026 उक्त ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाईट www.ireps.gov.in पर तथा मण्डल कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

/NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें 1604-CR/25

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## गीताः कर्म प्रेरणा का ग्रंथ

गीता एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। इसी माह आगे पीछे एक साथ दो घटनाएं हुईं। एक बार फिर गीता की चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि दर्शन है। प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति को गीता भेंट की है। पुतिन यहां भारत यात्रा पर आए हुए थे। मोदी इसके पहले चीन, अमेरिका, जापान आदि के राष्ट्र प्रमुखों को गीता की प्रति भेंट कर चुके थे। इधर एक मजेदार घटना हुई। कोलकाता में गीता को लेकर विशाल सम्मेलन हुआ। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने गीता को प्रतिष्ठित ग्रंथ घोषित किया था। गीता कर्म प्रेरणा का ग्रंथ है। गीता विशालकाय महाभारत का हिस्सा है। लेकिन महाभारत के भीष्मपर्व के मूल कथानक से इसकी पर्याप्त संगति है। ऋग्वेद के रचनाकाल के समय से लेकर आज तक समय का बड़ा फासला है। गीता में ऋग्वेद का दर्शन और अनुभूतियाँ हैं। अथर्ववेद का कालसूक्त गीता में भयानक काल होकर प्रकट हुआ है। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा कि, ह्वहे भगवान, आप उग्र रूप वाले कौन हैं?ह्व कृष्ण ने उत्तर दिया, ह्वकालोअस्मि लोकोक्षय प्रवृत्ते-मैं काल हूं और लोकों को समाप्त करने के लिए, प्राण लेने के लिए प्रवृत्त हूं। गीता में विश्व दर्शन की लगभग सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार यंग इंडिया में लिखा था, ह्वजब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके तो इसका श्रेय भगवद्गीता की शिक्षाओं को ही है। गांधीजी की बात भावनात्मक है लेकिन तथ्य भी यही है कि गीता प्रभावित करती है और सुख-दख में समान भाव की दृष्टि का विकास करती है। प्रसिद्ध यूरोपीय विद्वान एडविन अर्नाल्ड ने गीता पर ग्रंथ लिखा था ह्वसैलेशियल सॉन्गह्व। उसने गीता की व्याख्या करने वाले अनेक पूर्ववर्ती विद्वानों की प्रशंसा की और लिखा कि इस ग्रंथ के अभाव में अंग्रेजी साहित्य अधूरा रह जाता है। बंगाल में सन 1784 में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई। सोसाइटी की प्रेरणा से चार्ल्स विलकिंस ने गीता का अनुवाद किया। ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद से यह अनुवाद लंदन में छपा। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग ने इस कृति की लिखित प्रशंसा की थी। भारत के राष्ट्रपति रहे प्रख्यात दर्शनशास्त्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। उन्होंने लिखा, ह्वभगवद्गीता एक दर्शन ग्रंथ है और एक प्राचीन धर्म ग्रंथ भी है।ह्व उन्होंने गीता का भाष्य किया। गीता ने सारी दुनिया को प्रभावित किया। इसका प्रभाव चीन और जापान तक पड़ा। जर्मन धर्म के अधिकृत भाष्यकार जे. डब्लू. होवर ने लिखा, ह्वयह सब कालों में सब प्रकार के धार्मिक जीवन के लिए प्रमाणिक है। इसमें इंडो जर्मन धार्मिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर का प्रमाणिक निरूपण है।ह्व लोकमान्य तिलक ने भी गीता की व्याख्या की और गीता रहस्य नामक ग्रंथ लिखा। गीता रहस्य में प्रवृत्तिमार्गी दृष्टि है। गीता रहस्य को बहुत प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। गीता का आनंद किसी भी पृष्ठ से लिया जा सकता है। विश्व रूप को ही देखिए, संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, ह्वरोमांचित विस्मित अर्जुन ने श्रीकृष्ण को प्रणाम किया और कहा मैं आपके शरीर में सभी देवताओं और तमाम जीवों को देख रहा हूं। मैं कमलासीन ब्रह्मा, शिव और सभी ऋषियों को व सर्पों को देख रहा हूं। आपके अनेक हाथ हैं, अनेक मुख हैं और अनेक आंखें हैं।ह्व

एक ही केन्द्र पर समूचे ब्रह्माण्ड को देखना बड़ी बात है। श्रीकृष्ण द्वारा दिखाए गए दिव्यरूप ऋग्वेद के पुरुष से मिलते हैं। ऋग्वेद का पुरुष भी सहस्त्रशीर्षा, सहस्त्र पैरों वाला है। गीता में अर्जुन द्वारा देखे गए विश्वरूप का वर्णन है। अर्जुन इस रूप को देखकर कांप उठा और बोला अनेक मुखों, आंखों, भुजाओं, पैरों, पेटों, बड़े-बड़े दांत वाले इस भयानक रूप को देखकर सब डर गए हैं। अर्जुन ने पूछा, ह्वआप कौन हैं? भयानक उग्र रूप वाला तू कौन है? आपको नमस्कार है। मैं जानना चाहता हूं कि तू आदिदेव कौन है?ह्व श्रीकृष्ण ने कहा, ह्वमैं लोकों का क्षय करने वाला काल हूं। काल अपना काम करता है। इस मान्यता को नियतिवाद कहते हैं। कर्म से संपन्नता आती है। कर्म से यश मिलता है। कर्म से युद्ध है। युद्ध कर्म से विजय मिलती है। राज्य के सुख मिलते हैं। यह पुरुषार्थवाद कहलाया। पुरुषार्थवादी कर्म पर भरोसा करते हैं और नियतिवाद से इनकार करते हैं। गीता में दोनों हैं। कर्मयोग गीता का केन्द्रीय विचार है। वैदिक काल भी कर्म प्रधान था। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं कि, ह्वदेवता परिश्रम करने वाले के मित्र बन जाते हैं। आलसी और अकर्मण्य लोगों की सहायता देवता नहीं करते।ह्व यही विश्वास भारतीय दर्शन में व उपनिषद् आदि ग्रंथों में उपस्थित है। भारत के दर्शन का आकर्षण सारी दुनिया में है।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बेहतर क्या हो सकता है कि उन्हें सत्कार देने वाला व्यक्ति भारत का प्रधानमंत्री है। गीता की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता वारिस पठान ने कहा है कि अगर मोदी ने गीता की जगह कुरान भेंट की होती तो ज्यादा बेहतर होता। एआईएमआईएम का कुरान भेंट करने का बयान निंदनीय है। कुरान और गीता की तुलना नहीं की जानी चाहिए थी। सत्यनिष्ठ तुलना में मृदु शब्द ही नहीं निकलते। ऐसे बयान देश को कमजोर करते हैं। दुर्भाग्य से इस्लामी राजनीति में कट्टरपंथ है। उनके यहां कोई कृष्ण नहीं हुआ। इस राजनीति में अलगाववाद है। इस्लामी राजनीतिक चिंतन में दुर्भाग्य से कोई दार्शनिक नहीं हुआ। इसीलिए इस्लाम पर बहस नहीं हो सकती। गीता का जन्म ही कुरुक्षेत्र में दो सेनाओं के मध्य खड़े अर्जुन के विषाद से हुआ। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान, कर्म और भक्ति की धाराएं समझाईं। जीवन को कर्म प्रधान बताया। सब बताने के बाद श्रीकृष्ण ने प्रश्न किया कि, ह्वयह सब सुनने के बाद आपका मन कैसा है?ह्व अर्जुन ने उत्तर दिया, ह्वआपकी कृपा से हमारा मोह नष्ट हो गया-नष्टो मोहा। स्मृति लौट आई-स्मृति लब्धाह्व। हिन्दुओं पर बहुदेवपूजक होने के आरोप लगाते हैं। हिन्दू बहुदेववादी नहीं एकेश्वरवादी और बहुत देव उपासक हैं। इस आलेख की अंतिम बात, पूरी गीता पढ़ते समय बार-बार ऐसा प्रतीत होता है कि बस अब हो गया लेकिन गीता के अंतिम अंश में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लेख है। दुनिया का कोई भी पंथ, मजहब, रिलिजन ऐसे उपदेश नहीं देता। श्रीकृष्ण कहते हैं, ह्वमैंने सभी रहस्यों से बड़े रहस्य वाला ज्ञान बताया है। इस पर गहन विचार करो और जैसी इच्छा हो वैसा करो-यथेच्छसि तथा कुरु। भारतीय चिंतन और ज्ञान परंपरा में कहीं भी असहमत को पीड़ित करने या मार देने की बात नहीं है। सहमत और असहमत दोनों विकल्प यहां व्यवहारिक रूप में भी सुस्पष्ट हैं। बड़ी बात है कि युद्ध से अलग होने की घोषणा करने वाले अर्जुन से कृष्ण कहते हैं, ह्वयथेच्छसि तथा कुरु-जो इच्छा हो सो करो।ह्व

# कार्य स्थल पर तनाव का बढ़ता संकट

**यह बिल कर्मचारियों को यह अधिकार देता है कि वे निर्धारित कार्य समय के बाद ईमेल, संदेश या कॉल का उत्तर देने के लिए बाध्य न हों। यह अवधारणा कई यूरोपीय देशों में कानूनी हकीकत बन चुकी है और इससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं- उच्च उत्पादकता, संतुलित मानसिक स्वास्थ्य और कम कर्मचारी पलायन**

**डॉ प्रियंका सौरभ**

भारत जिस तेजी से डिजिटल कार्य-संस्कृति की ओर बढ़ा है, उतनी ही तेजी से कर्मचारियों पर कार्य-संबंधी तनाव का बोझ भी बढ़ा है। स्मार्टफोन, ईमेल, टीम कम्युनिकेशन ऐप्स और वर्क-फ्रॉम-होम मॉडल ने कार्य और निजी जीवन की रेखा लगभग मिटा दी है। इसी संदर्भ में प्रस्तावित ह्यराइट टू डिसकनेक्ट बिल, 2025ह्न न केवल कानूनी प्रयास है, बल्कि आधुनिक कार्य-संस्कृति के लिए भावी नैतिक व्यवस्था भी। इस बिल का मूल उद्देश्य सरल है- कर्मचारी को उसके कार्य समय के बाद डिजिटल तरीकों से काम से जोड़ने की बाध्यता को सीमित करना। किन्तु भारत जैसा विशाल, विविध और प्रतिस्पर्धी श्रम-परिदृश्य इस अधिकार के वास्तविक क्रियान्वयन को जटिल बनाता है। दरअसल, आज की कार्यशैली ह्यऑलवेज ऑनह्न मानसिकता पर आधारित है, जहाँ यह मान लिया जाता है कि कर्मचारी हमेशा उपलब्ध रहेंगे। पहले काम कार्यालय के दरवाजे पर रुक जाता था; अब काम जेब में रखा मोबाइल बन गया है- हर पल साथ, हर पल सक्रिय। इस मनोवैज्ञानिक दबाव ने कर्मचारियों के तनाव स्तर, नींद की गुणवत्ता, पारिवारिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई अंतरराष्ट्रीय सर्वे बताते हैं कि लगातार डिजिटल उपलब्धता से बर्नआउट की दर तेजी से बढ़ती है और भारत जैसे देशों में यह प्रभाव अधिक तीव्र दिखाई देता है क्योंकि यहाँ कार्य-संस्कृति में ह्यअधिक काम करनाह्न अक्सर ह्यअच्छा कर्मचारीह्न होने का पर्याय मान लिया गया है। राइट टू डिसकनेक्ट इसी असंतुलन को सुधारने का नैतिक और कानूनी प्रयास है। यह बिल कर्मचारियों को यह अधिकार देता है कि वे निर्धारित कार्य समय के बाद ईमेल, संदेश या कॉल का उत्तर देने के लिए बाध्य न हों। यह अवधारणा कई यूरोपीय देशों में कानूनी हकीकत बन चुकी है और इससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं- उच्च उत्पादकता, संतुलित मानसिक स्वास्थ्य और कम कर्मचारी पलायन। भारत में भी यह कदम कर्मचारी कल्याण के लिए महत्वपूर्ण आधार बना सकता है। इस अधिकार का सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा है। लगातार जुड़े रहने से मस्तिष्क को विश्राम नहीं मिल पाता, जिससे तनाव हार्मोन लगातार सक्रिय रहते हैं। अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि डिजिटल अधिभार के कारण नींद की गुणवत्ता घटती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और दीर्घकालीन स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत के आईटी और बीपीओ क्षेत्र में विशेष रूप से यह समस्या गहरी है, जहाँ समय-क्षेत्र (टाइम जोन) आधारित काम की प्रकृति के कारण कर्मचारी अक्सर देर रात तक उपलब्ध रहने को मजबूर होते हैं। यदि इस बिल को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो यह मानसिक शांति, व्यक्तिगत समय और पारिवारिक जीवन को संरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। कार्य-जीवन संतुलन इस बिल की दूसरी सबसे बड़ी उपलब्धि हो सकती है। भारत की युवा कार्यशक्ति अत्यधिक महत्वाकांक्षी है, परंतु अनियंत्रित कार्य-समय उसके व्यक्तिगत विकास, सामाजिक संबंधों और शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुँचा रहा है। ह्यराइट टू डिसकनेक्टह्न कर्मचारियों को यह सुरक्षा देता है कि उनके पास अपने लिए सुरक्षित समय होगा, जो किसी भी आधुनिक समाज की उत्पादक क्षमता के लिए बुनियादी शर्त है। विश्राम पाकर कर्मचारी केवल खुश नहीं होते बल्कि अधिक रचनात्मक, अधिक सतर्क और अधिक उत्पादक भी बनते हैं। कानूनी दृष्टि से यह बिल एक महत्वपूर्ण शून्य को भरता है। भारत के मौजूदा श्रम कानून अभी तक डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं। इस बिल के लागू होने से एक औपचारिक ढाँचा तैयार होगा, जिसमें यह स्पष्ट हो पाएगा कि नियोक्ता की अपेक्षाएँ कार्य-समय के बाहर कितनी वैध हैं। इससे श्रमिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और कार्यस्थलीय शोषण की कई अनदेखी समस्याओं पर अंकुश लगेगा। हालाँकि, इस बिल की राह उतनी आसान नहीं है जितनी नजर आती है। भारत की कार्य-संस्कृति स्वभावतः विविध है- बड़ी कंपनियों से लेकर छोटे स्टार्टअप, औपचारिक क्षेत्रों से लेकर लाखों अनौपचारिक और गिग वर्कर तक-सभी की कार्य-जरूरतें अलग-अलग हैं। एक समान नियम सभी क्षेत्रों पर लागू करना व्यवहारिक चुनौती बन सकता है। विशेषकर लघु व मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) में, जहाँ कर्मचारियों की संख्या कम और कार्य का बोझ अधिक होता है, बिल को लागू करना नियोक्ता के लिए कठिन हो सकता है। सबसे बड़ी जटिलता भारत के आईटी क्षेत्र में उभरती है, जहाँ अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के कारण समय-सीमाएँ वैश्विक होती हैं। काम का स्वभाव ही ऐसा है कि कई बार कर्मचारियों को नियमित कार्य-समय से बाहर मीटिंग या ईमेल का उत्तर देना आवश्यक होता है। इसी तरह, पत्रकारिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, परिवहन और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में 247 उपलब्धता नौकरी का मूल हिस्सा है। इन स्थितियों में ह्यराइट टू डिसकनेक्टह्न का शत-प्रतिशत अनुपालन संभव नहीं है। इसलिए यह बिल तभी प्रभावी होगा जब इसे लचीले क्षेत्र-विशिष्ट दिशा-निर्देशों के साथ लागू किया जाए। एक अन्य चुनौती भारतीय कॉर्पोरेट संस्कृति में निहित है- यहाँ कर्मचारी का मूल्यांकन अक्सर उसकी उपलब्धता से जोड़ा जाता है। कई कर्मचारी आशंका में रहते हैं कि वे यदि ऑफ-ड्यूटी संदेशों या कॉल का उत्तर नहीं देंगे तो उनकी छवि खराब होगी या करियर प्रभावित होगा। यह समस्या भय और दबाव की संस्कृति को जन्म देती है, जिसे बदलने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं; बल्कि मानसिकता में दीर्घकालीन बदलाव आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी दृष्टि से यह भी चुनौतीपूर्ण है कि नियोक्ता किस हद तक कर्मचारियों के डिजिटल उपकरणों की निगरानी कर सकते हैं। यदि कंपनियाँ निगरानी बढ़ाती हैं तो यह निजता के अधिकार का उल्लंघन कर सकती है। इसलिए बिल के साथ डिजिटल गोपनीयता के स्पष्ट मानक भी अनिवार्य होंगे। इन चुनौतियों के बावजूद, यह बिल कर्मचारी कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसका वास्तविक प्रभाव तब दिखेगा जब कंपनियाँ इसे केवल ह्यअनुपालनह्न के रूप में न देखें बल्कि इसे मानव-केंद्रित कार्य-संस्कृति का आधार बनाएं। कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, नियोक्ताओं के लिए संतुलित दिशा-निर्देश और सरकार के लिए प्रभावी क्रियान्वयन तंत्र- ये तीन स्तंभ इस बिल को सफल बना सकते हैं। यदि भारत मानसिक स्वास्थ्य और कार्य-जीवन संतुलन को आधुनिक विकास का मूल मानता है तो यह बिल एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लौहपुरुष सरदार पटेल और एकीकृत भारत की नींव

**सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष सरदार पटेल स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा।**

**योगेश कुमार गोयल**



राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद के किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष ह्यसरदार पटेल स्मृति दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा। सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधीजी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।

एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा-सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की एकाग्रता और तन्मयता देख कर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन् 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विठ्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी।

सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया।

अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्रवाई देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया। वह मन ही मन ग्लानि से भर उठा कि जिस शख्स को चपरासी समझकर उन्होंने उसे असेम्बली घुमाने के लिए कहा, वो कोई और नहीं बल्कि खुद इस असेंबली के अध्यक्ष हैं। अंग्रेज दम्पत्ति सरदार पटेल की सादगी, सहज स्वभाव और नम्रता का कायल हो गया और उसने असेम्बली की कार्रवाई के बाद सरदार पटेल से क्षमायाचना की। एकीकृत भारत की निमार्ता यह महान् शख्सियत 15 दिसम्बर 1950 को चिरनिद्रा में लीन हो गई।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सफला एकादशी का व्रत करने से हर क्षेत्र में मिलती है सफलता

हर साल पौष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को सफला एकादशी का व्रत किया जाता है। इस बार 15 दिसंबर 2025 को सफला एकादशी का व्रत किया जा रहा है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। सफला एकादशी का व्रत करने से जातक को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है और व्यक्ति को किस्मत का पूरा साथ मिलता है। तो आइए जानते हैं सफला एकादशी की तिथि, मुहूर्त, पूजन विधि और महत्व के बारे में...

### तिथि और मुहूर्त

पौष माह के कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि की शुरूआत 14 दिसंबर 2025 की शाम 06:50 बजे से हुई है। वहीं आज यानी की 15 दिसंबर 2025 की रात 09:21 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के मुताबिक 15 दिसंबर 2025 को सफला एकादशी का व्रत किया जाएगा। वहीं व्रत का पारण अगले दिन 16 दिसंबर को किया जाएगा।



### पूजन विधि

सफला एकादशी के दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के लिए साफ कपड़े पहनें। वहीं संभव हो तो पीले कपड़े पहनें और फिर सूर्य देव को जल अर्पित करें और व्रत का संकल्प लें। अब घर के मंदिर में चौकी पर एक पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु की मूर्ति या प्रतिमा को स्थापित करें। फिर भगवान के समक्ष दीपक जलाएं और माला, फूल, गंध, पीला चंदन और अक्षत आदि अर्पित करें। इसके बाद मंत्रों का जाप करें और आरती करें। फिर मिठाई आदि का भोग लगाएं। इसके बाद पूजा के अंत में भूलचूक के लिए क्षमायाचना करें।

### महत्व

जीवन में सफलता पाने, सुख-समृद्धि पाने और सभी कष्टों से मुक्ति के लिए सफला एकादशी का व्रत करना चाहिए। इस व्रत को करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस एकादशी का व्रत करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और पाप नष्ट होते हैं। आर्थिक तंगी दूर करने और मानसिक शांति के लिए सफला एकादशी का व्रत करना लाभकारी होता है।

### मंत्र

ॐ श्री विष्णवे च विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात॥
ॐ भूरिदा भूरि देहिनो , मा दभ्रं भूर्या भर। भूरि घेदिन्द्र दित्ससि। ॐ भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरूत्रा शूर वृत्रहन्। आ नो भजस्व राधसि
ॐ ह्रीं कार्तविर्याजुनो नाम राजा बाहु सहस्त्रवान। यस्य स्मरेण मात्रेण हृतं नष्?टं च लभ्यते।।

## टिप्स

### गले की जलन का देसी इलाज है पान का पत्ता

जब दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का लेवल तेजी से बढ़ता है। तब सबसे पहला असर सांसों, गले और फेफड़ों पर महसूस होता है। हवा में मौजूद धूल, हानिकारक कण और धुआं गले में खराश, जलन, सूखापन और खांसी को बढ़ा देता है। ऐसे समय में आयुर्वेद याद दिलाता है कि हर समस्या का इलाज सिर्फ दवा से नहीं बल्कि कई बार प्राकृतिक चीजों से भी होता है। वहीं हमारे पूर्वजों ने जिन पत्तियों पर भरोसा करते हैं, उनमें पान का पत्ता सबसे अधिक खास है बता दें कि पान के पत्ते का इस्तेमाल सिर्फ पूजा-पाठ या खान में नहीं होता है, बल्कि यह ऊर्जा संतुलन और हीलिंग में भी काम आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पान के पत्ते का कैसे इस्तेमाल करना चाहिए।

**पुरानी और भरोसेमंद दवा** : आयुर्वेद के मुताबिक पान के पत्ते में उष्ण वीर्य यानी शरीर को गर्माहट देने वाली प्राकृतिक ऊर्जा मौजूद होती है। जब प्रदूषण, ठंड या मौसम में बदलाव की वजह से कफ बढ़ता है, तो यह कफ शरीर में गले में जलन, भारीपन, खांसी और बंद नाक जैसी समस्याएं होती हैं। इन सभी परेशानियों से आपको पान का पत्ता निजात दिला सकता है। इस नुस्खे को आजमाने से आपको सिरप या फिर दवा की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**गले में जलन का देसी इलाज** : इस विधि से खराश, सूखापन, गले की जलन, खांसी और कफ में जल्दी आराम मिलता है।

**ऐसे बनाएं पान के पत्ते का काढ़ा** : सबसे पहले 1-2 पान के पत्ते पानी में डालें।
फिर तुलसी के 3-4 पत्ते और 3-4 काली मिर्च डालकर अच्छे से उबालें।
अब कुछ मिनट उबालकर छान लें।
इसके बाद गर्म-गर्म पानी पिएं।
सिर्फ 7-10 दिन तक इस पानी को पीने से आप महसूस करेंगी कि गले की जलन कम हो रही है, खांसी भी शांत हो रही है, गला हल्का, कफ पिघलकर निकलने लगता है और आरामदायक लग रहा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## ज्यादा शराब पीने के कारण हृदयाघात होने से मौत हुई



**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड के मिजाचौकी रेलवे साइडिंग और बड़तल्ला पंचायत तेतरिया गांव के बीच एक वृद्ध व्यक्ति शंकर चौधरी का शव जो उत्तरी महादेववरण का निवासी है। उसके परिजनों के द्वारा शव को उठाकर उतरी महादेववरण घर लेकर आया है। वहीं इस संबंध में मृतक के पुत्र पंकज चौधरी ने बताया कि मेरे पिता शनिवार को रक्सी स्थान मेला गये थे। देर रात्रि तक घर नहीं लौटने से हम लोग खोजबीन किये लेकिन पता नहीं चला तब सुबह लोगों ने बताया कि तेतरिया रेलवे साइडिंग के एक पास शव पड़ा हुआ है। लगता है।शव शंकर चौधरी का हो शंकर चौधरी ताड़ पेड़ से ताड़ी निकालता है। वो शनिवार और मंगलवार को रक्सी स्थान जाकर ताड़ी बेचता था ।वो मृतक ताड़ी और शराब पिया करता था। ज्यादा शराब पीने के कारण हृदयाघात होने से मौत हुई होगी। इस संबंध में पत्नी नीरा देवी और पुत्र पंकज चौधरी का बताया कि इस घटना में किसी की दोष नहीं है यह सामान्य घटना है उसके पिता हमेशा इस क्षेत्र में ताड़ी चुआने का काम करता था। वहीं पत्नी नीरा देवी पुत्र पतौहु का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को परिजनों के द्वारा शाम मे सलेमपुर घाट पर अंतिम संस्कार किया।

## बीआरपी सीआरपी आज से काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश बीआरपी सीआरपी महासंघ के आह्वान पर पूरे झारखंड के बीआरपी सीआरपी अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं।इसी को लेकर जिला के सभी 102 बीआरपी सीआरपी 15 से 20 दिसंबर तक काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। 22 दिसंबर को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के समक्ष एकदिवसीय न्याय सभा और धरना प्रदर्शन करेंगे।महासंघ के जिला अध्यक्ष सह प्रवक्ता ने बताया कि इसके बावजूद भी अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि उनकी ईपीएफ नियमावली के तहत मृत्यु लाभ, अनुकंपा पर नियुक्ति,स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति पर अनुग्रह राशि,अर्जित अवकाश और ग्रेच्यूटी,मानदेय में वार्षिक वृद्धि,मौजूद मानदेय में 20 % की वृद्धि और सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 वर्ष करने की मांग है।

## साहिबगंज का गौरव बढ़ाने का का काम कर रहे है : ओझा



**साहिबगंज :** सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत आज साहिबगंज जिले में कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि राजमहल के पूर्व विधायक व भाजपा नेता अनंत कुमार ओझा उपस्थित रहे। यह आयोजन राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के पहल पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।उद्घाटन के अवसर पर श्री ओझा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के साथ- साथ साहिबगंज के युवाओं में खेल के प्रति समर्पण के कारण हि यहाँ के कई खिलाड़ी प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर साहिबगंज का गौरव बढ़ाने का का काम कर रहे है।मौके पर कार्यक्रम जिला संयोजक सह जिला महामंत्री गौतम यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश प्रसाद तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार,जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,जयप्रकाश सिन्हा,सुनील सिंह, नगर अध्यक्ष बिनोद चौधरी,प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल,गरिमा साह, कार्यक्रम नगर सह संयोजक अंगद यादव,जयप्रकाश सिंहा,जिला मंत्री चांदनी देवी,अनिमेष सिन्हा,गौतम पंडित,पंकज चौधरी,संजीव पासवान,मुकेश यादव,जयकांत वर्मा,प्रमोद झा,स्वेता श्रीवास्तव,चेतन शर्मा,बिक्रम दास,प्रशांत शेखर,सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मालदा मंडल ने चलाया विशेष टिकट जांच अभियान



**साहिबगंज :** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,कार्तिक सिंह की देखरेख में,मालदा मंडल द्वारा आज तीनपहाड़ और राजमहल रेलवे स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान का सफल आयोजन किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों में अनुशासन बनाए रखना अनधिकृत यात्रा रोकना और रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।अभियान में वाणिज्य निरीक्षक एवं अन्य टिकट जांच स्टाफ और आरपीएफ की टीमों ने सक्रिय सहभागिता की और यात्रियों के वैध टिकट होने की जांच की।इस अभियान के दौरान कुल 59 बिना टिकट यात्रियों का पता चला और उनसे कुल ₹14,950/-जुमार्ना वसूल किया गया।यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि मालदा मंडल अपने यात्रियों के लिए सुरक्षित,व्यवस्थित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है।अभियान के माध्यम से मालदा मंडल ने यह संदेश भी दिया कि रेलवे यात्रा केवल वैध टिकट के माध्यम से ही संभव है और अनधिकृत यात्रा के लिए न केवल जुमार्ना वसूला जाएगा,बल्कि भविष्य में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।यह पहल यात्रियों में यात्रा अनुशासन और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।मालदा मंडल सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें,अनधिकृत यात्रा से बचें और रेलवे की नियमावली का पालन करें।ऐसी सामूहिक जिम्मेदारी से ही सभी यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव और भी सुरक्षित,सहज और सुखद बनेगा।

# कानून सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है : कमला कुमारी

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक सेवा सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एसीजेएम सह सिविल जज कमला कुमारी, अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय, बीडीओ सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी एवं प्रभारी जीपीएस जनकदेव यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सिविल जज कमला कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है, जिससे लोग भयमुक्त होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का



निर्वहन भी अत्यंत आवश्यक है, तभी एक जागरूक समाज का निर्माण संभव है। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की कि सरकारी योजनाओं को पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। वहीं अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने शिविर में मौजूद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, न्यायिक प्रक्रिया एवं विधिक सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दीं।शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र, बीज, राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, कंबल, तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रधान सहायक अरुण गुप्ता, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उदय मंडल, मनरेगा बीपीओ प्रियरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक विनोद मरांडी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद, पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू, सत्यनारायण रजवार, शिवराम मुर्मू, दिलीप दत्ता, परमेश्वर पंडित, अंचल लिपिक मोहम्मद सेराजुल हक, ग्राम रोजगार सेवक राम प्रसाद चौधरी, पीएलवी रूपेश्वर सरकार, बीपी राय सहित कई पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## वन्यजीवों का शिकार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अखिलेश

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांद शहर झील के समीप वन्यजीवों के अवैध शिकार करने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झील किनारे जाल में उलझी और घायल अवस्था में पाई गई दुर्लभ प्रजाति की पौंड हीरोइन पक्षी को सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को चांद शहर झील के आसपास अवैध तरीके से वन्यजीवों की शिकार करने की सूचना वन विभाग को दी गई थी। जिसके बाद वन विभाग की टीम उक्त स्थान पर पहुंची और देखा कि एक पौंड हीरोइन पक्षी शिकार के उद्देश्य से बिछाए गए जाल में बुरी तरह फंसी हुई थी और घायल अवस्था में तड़प रही थी। वन कर्मियों ने सावधानी पूर्वक जाल काटकर पक्षी को मुक्त कराया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए तालझारी वन कार्यालय ले जाया गया। वन विभाग के कर्मी अखिलेश कुमार



मरांडी ने बताया कि घटनास्थल से शिकार में प्रयुक्त जाल भी बरामद किया है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से वन्यजीवों के अवैध शिकार का प्रयास है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है और जाल बिछाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर फोरेस्ट गार्ड अखिलेश कुमार मरांडी, पप्पू कुमार यादव गंगा प्रहारी अजिजुर्रहमान, शमीम अख्तर सहित अन्य वनकर्मी मौजूद थे। वन विभाग की टीम ने कहा कि क्षेत्र में पक्षियों के शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। उल्लंघन करने वालों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सात वर्ष तक की सजा, एक लाख रुपये तक का जुमार्ना और दोनों का प्रावधान है।वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी वन्यजीवों के शिकार उन्हें नुकसान पहुंचाने की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन वन विभाग को सूचित करें।ताकि समय रहते ऐसे बेजुबान जीवों की रक्षा की जा सके।

## लूट की घटना के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में बीते दिनों हुई लूट की घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से देशी कट्टा भी बरामद किया हैं। रविवार को एसडीपीओ किशोर तिर्की ने जिरवाबाड़ी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रविवार की सुबह लगभग 07:05 बजे जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि जलेबिया घाटी में हुए लुट को लेकर दर्ज कांड संख्या 191/25 में शामिल आरोपी आकाश चौधरी अपने साथी कृष्ण कुमार राय और एक अन्य के साथ लोहंडा आईटीआई के पश्चिम में बंद पड़े क्रेशर प्लांट के पास छुपा है।वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। मिली सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल एक छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहंडा आईटीआई के पश्चिम में बंद पड़े क्रेशर के पास



घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही वहां छुपे तीन लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन टीम ने उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने गैस गोदाम निवासी आकाश चौधरी 22 पुरानी साहिबगंज निवासी जितेंद्र स्वर्णकार 19 और कृष्ण कुमार राय 20 को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र में घाटी के पास हुई लूट की घटना को स्वीकार किया। तलाशी में आकाश चौधरी के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उसकी निशानदेही पर एक सैमसंग मोबाइल और एक कीपैड मोबाइल भी बरामद किया गया। छापामारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पुअनि शशि सिंह, पुअनि अजीत लकड़ा, पुअनि उपेंद्र प्रसाद यादव, सअनि विनोद टुडू, सअनि जयकांत रविदास, हवलदार सुधीर दास और भीम हांसदा शामिल थे।

## योजनाओं का लाभ जनता को मिले : सतीश चंद्रा



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज जिले भर के प्रत्येक प्रखंडों में न्यायिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिक सेवाएं सह मेगा सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य शिविर स्थानीय सिदो कान्हू सभागार में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, उपविकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा, प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय संजय उपाध्याय ने कहा कि विधिक सेवाएं-सह मेगा सशक्तीकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को सशक्त बनाया जाये नागरिकों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये कि देश का कानून क्या है। आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है ।अधिकारों को समझें किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आयें उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कहा कि विधिक सशक्तीकरण का मेगा शिविर का उद्देश्य है कि जिला में जो भी नागरिक रहते हैं चाहे वह किसी भी जाति धर्म से आते हों सबको विधिक रूप से जागरूक किया जाये और सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलायी जा रही है। लोगों इसका लाभ प्राप्त कर सकें । ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति योजना के प्रति अवगत हो सके। प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार एक ऐसा मंच है। जहां आप निःसंकोच अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। शिविर में लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया । मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमर आइन्द, अंचल अधिकारी श बासुकी नाथ टुड्डू अन्य उपस्थित थे।

## जैप 9 परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न अमलेश बने सभापति



**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस एसोशिएशन केंद्रीय कार्यालय रांची के ज्ञापांक संख्या 408 दिनांक 3 दिसंबर 2025 के आलोक में रविवार को झारखंड सशस्त्र पुलिस जैप 9 परिसर में झारखंड पुलिस एसोसिएसन के शाखा पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।जिसमें निर्विरोध रूप से सभापति अनि स अमलेश कुमार सिंह,उप सभापति अनि स भरत राय,सचिव अनि स सत्येन्द्र पासवान,कोषाध्यक्ष आयुद्ध अनि राजेन्द्र टुडू एवं संयुक्त सचिव के पद पर सअनि स सुबोध कुमार निराला निर्वाचित हुए।उधर झारखंड पुलिस एसोसिएसन के चुनाव में निर्वाचित होने वाले सभी पुलिस पदाधिकारियों को जैप 9 के जवानों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित मेगा सशक्तिकरण शिविर के अवसर पर सिद्धूझकान्हू सभागार साहिबगंज में जिला परिवहन विभाग, साहिबगंज द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित एक जानकारीपरक स्टॉल लगाया गया जिसमें स्टॉल के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और परिवहन विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।शिविर में उपस्थित नागरिकों को विशेष रूप से नेक नागरिक पॉलिसी के संबंध में अवगत कराया जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करने वाले नागरिक को ₹2000 की प्रोत्साहन राशि व प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त हिट एंड रन सड़क दुर्घटना



मुआवजा योजना के बारे में जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ₹50,000, दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को ₹2,00,000 की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है।शिविर में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के उद्देश्यों लाभों की जानकारी भी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान आमजनों के बीच हैंडबिल, बुकलेट, पंपलेट तथा परिवहन विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रपत्रों का वितरण भी किया गया। जबकि प्रधान न्यायाधीश, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, साहिबगंज, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला परिवहन विभाग, साहिबगंज द्वारा आयोजित यह पहल आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



# संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की 'वध' का बनेगा तेलुगु रीमेक?

नीना गुप्ता और संजय मिश्रा स्टारर हिंदी फिल्म 'वध' का अलग-अलग भाषाओं में रीमेक बन रहा है। मराठी के बाद इस फिल्म का तेलुगु रीमेक बनने वाला है। जानिए, 'वध' फिल्म के तेलुगु रीमेक से जुड़ा अपडेट। हाल ही में नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का एक पोस्टर रिलीज हुआ। साल 2022 में इस फिल्म का पहला पार्ट रिलीज हुआ था। फिल्म को इतनी तारीफ मिली की इसका मराठी रीमेक बनाया गया। अब 'वध' फिल्म का तेलुगु रीमेक भी बनने वाला है।

## तेलुगु प्रोडक्शन हाउस बनाएगा 'वध' का रीमेक

फिल्म 'वध' की सफलता के बाद 'वध 2' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म रिलीज होगी। इस बार भी फिल्म में नीना गुप्ता और संजय मिश्रा दमदार किरदारों में नजर आएंगे। लेकिन 'वध 2' की रिलीज से पहले चर्चा है कि 'वध' का तेलुगु रीमेक बनेगा। एक बड़ा तेलुगु प्रोडक्शन हाउस इस फिल्म को बनाएगा।



# 'धुरंधर' के फैन बने ऋतिक रोशन

**बोले- 'पार्ट-2 का बेसब्री से इंतजार'**

**आदित्य** धर के निर्देशन में बनी हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' एक तरफ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। वहीं, आम जन के साथ ही सितारे भी खूब तारीफ करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म की जमकर तारीफ की। आदित्य धर के लेखन-निर्देशन में बनी फिल्म को ऋतिक ने 'प्योर सिनेमा' करार देते हुए कहा कि यह फिल्म उनके दिमाग से नहीं निकल पा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ऋतिक ने पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने फिल्म के हर एक एक्टर को कमाल का बताया। साथ ही कहा कि अक्षय खन्ना हमेशा से उनके पसंदीदा कलाकारों में से एक रहे हैं। उन्होंने लिखा, ''धुरंधर' अभी भी मेरे दिमाग से नहीं निकल रहा है। आदित्य धर आप एक जबरदस्त मेकर हैं और रणवीर सिंह चुप्पी से लेकर गुस्से तक, फिल्म में आपका क्या शानदार सफर रहा। अक्षय खन्ना हमेशा से मेरे पसंदीदा रहे हैं और यह फिल्म इसका सबूत है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, 'आर माधवन आपकी एक्टिंग बहुत ही शानदार, ताकत और गरिमा के साथ है, आपने पर्दे पर क्या गंभीरता दिखाई है। लेकिन, यार राकेश बेदी... आपने जो किया वो जबरदस्त था.. क्या एक्ट था, शानदार। सभी के लिए खासकर मेकअप और प्रोस्थेटिक्स डिपार्टमेंट के लिए बहुत-बहुत तालियां। मैं पार्ट 2 के लिए उत्साहित हूं और इंतजार नहीं कर सकता। ऋतिक ने इससे पहले किए पोस्ट में भी फिल्म की खूब तारीफ की थी। उन्होंने बताया कि वह फिल्म को एक्टिंग के स्टूडेंट के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'मुझे सिनेमा पसंद है, मुझे ऐसे लोग पसंद हैं, जो किसी भंवर में फंस जाते हैं और कहानी को कंट्रोल करने देते हैं।



# प्यार, धोखा और नफरत की दास्तान है 'साली मोहब्बत', घिसी-पिटी कहानी नए तरीके से हुई पेश

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर राधिका आप्टे, दिव्येन्दु शर्मा और अनुराग कश्यप की फिल्म 'साली मोहब्बत' आई है जो कि थ्रिलर-ड्रामा फिल्म है। हसीन दिलरुबा के बाद बहुत समय के बाद एक ऐसी फिल्म आई है जिसमें प्यार, धोखा, नफरत और मरने-मारने की जिद् नजर आती है। कैसी है फिल्म की कहानी, चलिए जानते हैं। जब आप किसी से प्यार करते हैं तो किसी भी हद को आसानी से पार कर लेते हैं। हालांकि यही प्यार जब आपको धोखा दे दे तो उसे नफरत में बदलते भी देर नहीं लगती। बस यही कुछ बयां कर रही है फिल्म 'साली मोहब्बत'। मोहब्बत कैसे आपको वो करने पर भी मजबूर कर देती है जो आप कभी कर ही नहीं सकते थे, इस फिल्म में कुछ ऐसा ही देखने को मिलता है। फिल्म में नजर आ रही हैं राधिका आप्टे इस फिल्म का निर्देशन किया है टिस्का चोपड़ा ने, जो कि खुद एक अभिनेत्री रही हैं।

बतौर डायरेक्टर ये उनकी पहली फुल लेंथ की फिल्म है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म को अपने पति संजय चोपड़ा के साथ मिलकर लिखा भी है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला 'स्मिता' की है जिसकी जिंदगी उसके पति और पेड़-पौधों के ईर्द-गिर्द ही घूमती है। पिता अब दुनिया में हैं नहीं लेकिन उनका पुश्तैनी घर जरूर है जो स्मिता के दिल के बेहद करीब है। स्मिता के किरदार में राधिका आप्टे बेहत सीधी-साधी घरेलू पत्नी के रूप में नजर आती हैं, जिसका पति घर जमाई बनकर साथ रह तो रहा होता है लेकिन अपनी पत्नी को बिल्कुल पसंद नहीं करता। स्मिता के पति 'पंकज तिवारी' का किरदार निभाया है अंशुमन पुष्कर ने, जिन्हें आपने इससे पहले 'जमतारा', '12वीं फेल' समेत कई सीरीज और फिल्मों में देखा है। स्मिता का पति जुआ खेलने की वजह से बहुत सारी उधारी पर है इसलिए वो लगातार उसे पिता का घर बेचने के लिए बोलता रहता है ताकि वो पैसे चुका सके। कहानी में शरत सक्सेना स्मिता के पड़ोसी के तौर पर नजर आते हैं जो उसका भला चाहता है।



## आलिया भट्ट ने रेड सी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में की शिरकत

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी एक्शन ड्रामा फिल्म 'अल्फा' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच अभिनेत्री ने हाल ही में 'रेड सी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल' में शिरकत की, जिसकी तस्वीरें और वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की। वीडियो में आलिया आयोजन में सभी से मिलती और लोगों से बातचीत करती दिख रही हैं। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'जेद्दा में एक दिन, फिल्मों के जादू का जश्न मनाते हुए। 'पोस्ट शेयर करने के बाद आलिया के दोस्तों, मां और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। सोनिया राजदान, शरवारी और टीना दत्ता ने हार्ट इमोजी के साथ तुरंत प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही बहुचर्चित एक्शन-स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' में शरवारी के साथ नजर आएंगी। फिल्म को क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन कुछ वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज कर दी।

यह फिल्म यशराज फिल्म्स की बहुचर्चित स्पाई थ्रिलर (जासूसी फिल्म) है, जिसे शिव रावैल ने निर्देशित किया है। फिल्म में आलिया और शरवारी एक्शन अवतार में देखने को मिलेंगी। फिल्म में आलिया और शरवारी के अलावा, अनिल कपूर और बॉबी देओल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म होगी। ऐसा पहली बार होगा जब स्पाई यूनिवर्स में एक महिला प्रधान कहानी को दिखाया जाएगा। इस यूनिवर्स की शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की 'टाइगर' से हुई थी। यह सुपरहिट साबित हुई थी। इसके अलावा, आलिया संजय लीला भंसाली की महत्वाकांक्षी फिल्म 'लव एंड वॉर' में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल जैसे दिग्गज कलाकार हैं। यह फिल्म अपनी भव्यता और भावनात्मक कहानी के लिए चर्चा में है और मार्च 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# लाफ्टर शेफ्स में पवन सिंह ने किया हम सभी को रोस्ट : कृष्णा अभिषेक

**टीवी** और मनोरंजन की दुनिया में कॉमेडी और खाने दोनों का अपना अलग ही मजा होता है। इस कड़ी में टीवी शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' के चर्चे खूब हैं। इस शो का नया सीजन शानदार अनुभव और मनोरंजक पलों से भरपूर है। हाल ही में शो में उस वक्त रौनक छा गई, जब सेट पर भोजपुरी के पावरस्टार पवन सिंह ने कदम रखा। इस मौके पर अभिनेता और कमीडियन कृष्णा अभिषेक ने अनुभव साझा किया और बताया कि पवन सिंह के आने से शूटिंग का माहौल पूरी तरह बदल गया। कृष्णा अभिषेक ने कहा, ''हम सभी को पता था कि अगर भोजपुरी डिश बनाई जानी है तो एक भोजपुरी एक्सपर्ट की जरूरत होगी और तभी पवन सिंह शो में आ गए।' कृष्णा ने कहा, 'ये सोने पर सुहागा था। उनका अंदाज, उनके गाने और उनकी एनर्जी ने पूरे सेट को खुशियों से भर दिया। पवन सिंह ने गाना गाया और डांस भी किया। उन्होंने शो को भोजपुरी मिठास से भर दिया। उनकी एनर्जी और स्टाइल ने सभी को एकदम उत्साहित कर दिया और शो का अनुभव यादगार बना दिया।





# कश्मीर से संदीपा धर का है पुराना नाता, तस्वीरों के साथ साझा कीं भावुक यादें

**एक्टर** संदीपा धर ने हाल ही में अपनी कश्मीर यात्रा का बेहद भावुक यादें साझा करते हुए उस जगह के बारे में भी बताया, जहाँ कभी उनका परिवार रहता था, और फिर वहां से निकलने के बाद फिर कभी वे वापस लौट ही नहीं पाए। बचपन से अपने माता-पिता की कहानियों और पुरानी तस्वीरों के ज़रिए जिस कश्मीर को वह जानती थीं, इस बार उसका सजीव अनुभव उनके लिए अपनी पहचान के साथ अपनी यादों और अपनेपन की गहरी खोज बन गई। अपनी पोस्ट में अपना हाल-ए-दिल बयां करते हुए उन्होंने लिखा है, 'कश्मीर... एक ऐसा घर, जिसे मैंने सिर्फ अपने माता-पिता की कहानियों और फीकी पड़ चुकी तस्वीरों के ज़रिए जाना था।' पोस्ट में साझा की गई तस्वीरों में संदीपा उसी विशाल पेड़ के नीचे खड़ी हैं, जिसके नीचे कभी उनका परिवार पिकनिक मनाया करता था। वे उस घर को भी देख रही हैं, जिसे उनके माता-पिता ने 'सोना बेचकर और हर बची हुई कमाई जोड़कर, ईंट-ईंट लगाकर बनाया था।' संदीपा ने माता खीर भवानी मंदिर में भी प्रार्थना की, जहाँ उनका परिवार हर हफ्ते जाया करता था, तब तक... जब तक उन्हें सब कुछ छोड़कर जाना नहीं पड़ा। इस यात्रा को और भी खास बनाता है यह तथ्य कि उनके माता-पिता भी दशकों बाद इन पवित्र जगहों पर लौटे, अपने उन स्मृतियों को फिर से जीवित करते हुए जो उनके जीवन के सबसे बड़े अध्यायों में से थे। संदीपा के लिए यह अपने परिवार की यादों में सीधे कदम रखने जैसा अनुभव रहा। उनकी यात्रा कश्मीर के कई प्रतीकात्मक स्थलों से भी होकर गुज़री, जिनमें नगीन झील, चश्मे शाही, निशात गार्डन, पहलगाम और गुलमर्ग शामिल है। उन्होंने यह भी लिखा है, 'मैंने नगीन झील पर शिकारा चलाया, चश्मे शाही का मीठा झरने का पानी पिया, और निशात गार्डन, पहलगाम और गुलमर्ग में घूमी... वे जगहें जो मेरे परिवार की यादों में तीस साल से ज़िंदा थीं।' हालाँकि जगहें समय के साथ बदल चुकी हैं लेकिन संदीपा के अनुसार भावनाओं की डोर वैसी ही है।



## सोशल मीडिया पर तीन दिन में हो कार्रवाई

- सलमान खान के निजी अधिकार पर दिल्ली हाईकोर्ट

सलमान खान की पर्सनैलिटी पब्लिसिटी राइट्स की सुरक्षा मांगने वाली शिकायत पर अब दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई की है। सुपरस्टार सलमान खान अपने पर्सनैलिटी, पब्लिसिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट की चौखट पर पहुंचे हैं। अब आज हाईकोर्ट ने सलमान की याचिका पर सुनवाई की है। कोर्ट ने इस मामले में सोशल मीडिया मध्यस्थों को 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सलमान खान ने एक दिन पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट में शिकायत की थी।

पर्सनैलिटी-पब्लिसिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए सलमान से पहले भी कई एक्टर्स कोर्ट का रुख कर चुके हैं। इनमें सिंगर आशा भोसले, अभिनेता सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार जैसे नाम शामिल हैं।

# एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार

**हिंदी वेबसीरीज की शूटिंग पूरी**

**अभिनेत्री** निमृत कौर अहलूवालिया ने हाल ही में फिल्म के पर्दे के पीछे की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं, जिनमें संजय कपूर, शाहीर शेख, मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, हर्मन सिंघा और आशीमा वरदान जैसे सितारे नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे जल्द ही एक हिंदी वेबसीरीज में नजर आने वाली हैं, जिससे उनका ओटीटी डेब्यू होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बातचीत में बताया कि 'ये प्रोजेक्ट निमृत के अब तक के सबसे प्रॉमिसिंग प्रोजेक्ट्स में से एक है। पर्दे पर उनका किरदार अपनी भावनात्मक गहराई और बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की ताकत रखता है। शूटिंग पूरी हो चुकी है। मुंबई और पंजाब में शूटिंग हुई है। हालांकि अभी रिलीज की तारीख और फिल्म से जुड़ी जानकारियों को गुप्त रखा गया है। निमृत कौर अहलूवालिया को आखिरी बार फिल्म 'शौंकी सरदार' में देखा गया, जो पर्दे पर 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रतन ने किया है, जबकि फिल्म का निर्माण ईशान कपूर, शाह जंडियाली और धर्मेंद्र बताओली ने किया है। 'शौंकी सरदार' में भरपूर एक्शन और कॉमेडी देखने को मिली। दर्शकों ने भी फिल्म को मिला-जुला रेस्पॉन्स दिया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही। इसके अलावा एक्ट्रेस म्यूजिक वीडियो भी कर चुकी हैं।

**लोकप्रिय टीवी एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया पहले ही 'छोटी सरदारनी' सीरियल से छा चुकी हैं। उन्हें हाल ही में पंजाबी फिल्म 'शौंकी सरदार' में देखा गया है, जिसमें वे बब्बू मान और गुरु रंधावा के साथ देखी गई थीं, लेकिन अब अभिनेत्री ओटीटी पर भी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हिंदी वेबसीरीज की शूटिंग भी पूरी कर ली है।**



# मैंने बस सही लेंथ पर गेंद डाली और विकेट का फायदा उठाया : अर्शदीप सिंह

एजेंसी

**धर्मशाला :** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद अपनी सफलता का श्रेय बुनियादी बातों पर टिके रहने और धर्मशाला की अनुकूल परिस्थितियों का सही इस्तेमाल करने को दिया। एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए और भारत की सात विकेट से जीत की मजबूत नींव रखी। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद अर्शदीप ने कहा, ह्लकुछ भी नहीं बदला। मैंने बस सही लेंथ पर गेंद डाली और विकेट से मिलने वाली मदद का पूरा फायदा उठाया। ठंडे मौसम के कारण स्विंग और सीम दोनों मिल रही थीं। मैंने चीजों को सरल रखा और उसका इनाम मिला।ह्वउन्होंने न्यू चंडीगढ़ में पिछले मैच के बाद वापसी को लेकर भी बात की। अर्शदीप ने कहा, ह्लजब मैं मैदान पर उतरा तो लोग कह रहे थे कि यह भी तुम्हारा होम ग्राउंड है, लेकिन मैंने कहा कि यह मेरा होम ग्राउंड नहीं है। इसके बाद सिर्फ बुनियादी चीजों पर भरोसा किया। इस स्तर पर खेलते हुए कभी-कभी एक दिन खराब हो सकता है, लेकिन यह अच्छा लगता है कि इस मैच में मैं बेहतर कर पाया। रीजा हेंड्रिक्स के खिलाफ डीआरएस लेने को लेकर अर्शदीप ने कहा कि यह फैसला सूर्यकुमार यादव का था। उन्होंने कहा, ह्लपैड पर लगते ही मुझे पता था कि वह आउट है। जितेश से भी सहमति मिल गई थी। सूर्या भाई ने बस थोड़ा सस्पेंस बनाने के लिए इंतजार किया। वहीं डेवॉल्ड ब्रेविस के खिलाफ रिव्यू न लेने पर उन्होंने हंसते हुए कहा, ह्लएक गेंदबाज हर रिव्यू लेना चाहता है। मुझे लगा गेंद पैड पर दो बार लगी थी, इसलिए कन्फ्यूजन हुआ। अगली बार ध्यान रखूंगा। इस मुकाबले में किफायती गेंदबाजी करने वाले वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लेकर पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में 50 विकेट पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। वरुण ने कहा कि ठंडे हालात चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन टीम की तैयारी शानदार रही। उन्होंने कहा, मैंने इतनी ठंड में पहले कभी नहीं खेला। परिस्थितियां मुश्किल थीं, लेकिन हमारी तैयारी अच्छी थी। न्यू चंडीगढ़ में हार के बाद बदलाव को लेकर वरुण ने कहा, हमारी एक अच्छी गेंदबाजी मीटिंग हुई, जिसमें खुलकर बातचीत हुई। हमने अपनी गलतियों को पहचाना और सही अप्रोच पर काम किया। इसका नतीजा आज दिखा। अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए वरुण ने कहा, आज गेंद ज्यादा स्किड कर रही थी, इसलिए मैंने ज्यादा टर्न कराने के बजाय अपनी ताकत पर भरोसा किया। जब तक मैं भारत के लिए खेल रहा हूं और विकेट ले रहा हूं, अच्छा महसूस करता रहूंगा।



# दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए डॉर्टमुंड की जीत फिसली, फ्राइबर्ग से 1-1 की बराबरी

**फ्राइबर्ग :** बुंडेसलीगा में बोरूसिया डॉर्टमुंड रविवार को फ्राइबर्ग के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर रुक गया। दूसरे हाफ की शुरूआत में जोबे बेलिंगहैम के रेड कार्ड के बाद डॉर्टमुंड को भारी नुकसान उठाना पड़ा और टीम 75वें मिनट में गोल खाकर बढ़त गंवा बैठी। इस ड्रॉ के साथ डॉर्टमुंड दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका चूक गया। मैच के पहले हाफ में डॉर्टमुंड पूरी तरह हावी रहा। टीम ने कई सुनहरे मौके गंवाए और 21वें मिनट में कार्नी चुक्वुएमेका का शॉट पोस्ट से टकराया। आखिरकार 31वें मिनट में रामी बेन्सेबैनी ने नजदीक से गोल कर डॉर्टमुंड को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, 53वें मिनट में मैच का रुख बदल गया, जब जोबे बेलिंगहैम को फिलिप ट्रू पर आखिरी खिलाड़ी के तौर पर फाउल करने के चलते रेड कार्ड दिखाया गया। यह फाउल गोलकीपर ग्रेगर कोबेल की एक गलत पास के बाद हुआ। एक खिलाड़ी ज्यादा होने का फायदा उठाते हुए फ्राइबर्ग ने दबाव बढ़ाया। 64वें मिनट में ट्रू का कर्लिंग शॉट बाहर चला गया, जबकि 73वें मिनट में कोबेल ने युइतो सुजुकी के शॉट को बार पर टिप कर दिया। लेकिन 75वें मिनट में लुकास होलर ने शानदार नियंत्रण के बाद वॉली मारकर गेंद को टॉप कॉर्नर में डालते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में फ्राइबर्ग ने एक और गोल किया, लेकिन उसे ऑफसाइड करार दिया गया। इस ड्रॉ के बाद डॉर्टमुंड 29 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और दूसरे स्थान पर मौजूद आरबी लाइपजिग के बराबर अंकों पर है, जिसे शुक्रवार को यूनियन बर्लिन से 1-3 की हार झेलनी पड़ी।



# बंगाल में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सुनवाई में गड़बड़ी और सुरक्षा चूक को गंभीरता से लेने का निर्देश

एजेंसी


**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दावों और आपत्तियों पर होने वाली सुनवाई को लेकर निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने साफ कहा है कि सुनवाई प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता या सुरक्षा में चूक को गंभीरता से लिया जाए और जहां जरूरत हो वहां तत्काल सुधारात्मक और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। 16 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावों और आपत्तियों पर सुनवाई का चरण शुरू होने वाला है। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को निर्देश दिए हैं कि सुनवाई के दौरान



व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित रहे। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि शुरूआत से ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के पक्ष में वह नहीं है और सुनवाई की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के भरोसे सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यदि सुनवाई के दौरान राज्य पुलिस की ओर से लापरवाही, चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में, सामने आती है और उससे सुरक्षा में चूक होती है, तो इस बारे में तुरंत निर्वाचन आयोग को जानकारी दी जाएगी। इसके बाद आयोग आगे की कार्रवाई को लेकर आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

इसी तरह आयोग ने यह भी साफ कर दिया है कि सुनवाई में शामिल निर्वाचन अधिकारियों की ओर से यदि कोई जानबूझकर की गई अनियमितता पाई जाती है, तो मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संदेश को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों तक स्पष्ट रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने यह भी तय किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तीन चरणों में से दूसरे चरण के तहत होने वाली यह सुनवाई केवल जिलाधिकारियों के कार्यालय में ही कराई जाएगी। जिलाधिकारी ही संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी भी होते हैं। आयोग ने साफ कहा है कि किसी भी स्थिति में यह सुनवाई न तो खंड विकास कार्यालयों में होगी और न ही पंचायत कार्यालयों में। इसके साथ ही आयोग ने सुनवाई की प्रक्रिया का वेब प्रसारण अनिवार्य कर दिया है और इसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। आयोग के निर्देशों के बाद राज्य के सभी जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की




एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि (15 दिसंबर) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिसमें उन्होंने भारत को एकजुट करने में उनके योगदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में उनका नमन किया और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए उन्होंने अप्रतिम योगदान दिए। उनका समर्पण युवाओं को हमेशा राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने किया नमन**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुण्यतिथि पर याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा- महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले माँ भारती के वीर सपूत ₹भारत रत्न₹ सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन।

## खेलते समय तालाब में डूबा किशोर, मौत

**मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियाड़ी थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। मामा के घर के पास खेलते समय तालाब में डूबने से एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरजीत सिंह के रूप में हुई है। वह बेलदा थाना क्षेत्र के खटनगर इलाके का निवासी था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुरजीत अपनी मां के साथ केशियाड़ी थाना अंतर्गत कुलियाड़ इलाके में अपने मामा के घर रह रहा था। रविवार दोपहर वह घर के पास स्थित एक मैदान में दोस्तों के साथ खेलने गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद रविवार शाम करीब नौ बजे मामाघर के पास स्थित एक तालाब में सुरजीत का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में अस्वाभाविक मृत्यु का केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकुमा अस्पताल भेजा गया। किशोर का शव तालाब में कैसे पहुंचा, इसे लेकर परिजन असमंजस में हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से इलाके में शोक का माहौल है।

**मध्य प्रदेश में ठंड के साथ छाने लगा घना कोहरा**

# 14 जिलों में अलर्ट, ग्वालियर चंबल सबसे ज्यादा प्रभावित

- ✔ 17 दिसंबर से बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में सर्दी के तेवर और सख्त होते जा रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच अब प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग ने आज यानि सोमवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर और रीवा संभाग के 14 जिलों के लिए कोहरे का अलर्ट जारी किया है। खासतौर पर ग्वालियर-चंबल अंचल में दृश्यता कम रहने की आशंका जताई गई है। इससे पहले बीते रविवार को भी प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कोहरे का असर देखा गया। इस बीच, प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी एक बार फिर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**इन जिलों में घने कोहरे की चेतावनी**



मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में सोमवार को घना कोहरा छाने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 17 दिसंबर की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसका असर अगले दो-तीन दिनों में मध्य प्रदेश में भी देखने को मिलेगा, जिससे ठंड की तीव्रता एक बार फिर बढ़ सकती है।

**पचमढ़ी सबसे सर्द, बड़े शहरों में भी लुढ़का पारा**

शनिवार और रविवार की रात प्रदेश के अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। पांच बड़े शहरों में इंदौर सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 6.4 डिग्री तक पहुंच गया। राजधानी भोपाल में 7 डिग्री, जबलपुर में 9.4 डिग्री तथा ग्वालियर और उज्जैन में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य इलाकों में भी ठंड का असर साफ दिखा। राजगढ़-कल्याणपुर में तापमान 5.6 डिग्री, शाजापुर में 6.1 डिग्री, मंदसौर में 6.7 डिग्री और रीवा-उमरिया में 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

**जेट स्ट्रीम का असर**

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सक्रिय जेट स्ट्रीम का प्रभाव मध्य प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। यह जेट स्ट्रीम जमीन से करीब 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 176 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही है, जिसके कारण मध?य प्रदेश में ठंड और कोहरे की स्थिति बनी हुई है।

# मानवता के लिए सोनू सूद द्वारा किया गया कार्य भुलाया नही जा सकता: उप मुख्यमंत्री

- रीवा में आयोजित तीन दिवसीय रेवा फिल्म फेस्टो-2025 का हुआ समापन

एजेंसी

**रीवा :** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अभिनेता सोनू सूद द्वारा मानवता के लिए किया गया कार्य भुलाया नहीं जा सकता है। कोरोना काल में सोनू सूद ने हजारों-हजारों लोगों को मदद की। उन्होंने रीवा के लोगों को उनके घर पहुंचाने का कार्य किया। हमें सोनू सूद द्वारा किये गये कार्यों पर गर्व है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल रविवार की रात रीवा में आयोजित तीन दिवसीय रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। दिग्गज फिल्म अभिनेता स्वर्गीय राजकपूर की 101वीं जयंती पर रीवा के कृष्णाराजकपूर आडिटोरियम में तीन दिवसीय रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अभिनेता सोनू सूद



का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रीवा के लोग रिश्ता बनाना ही नहीं रिश्ता निभाना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब रीवा, सीधी, मऊगंज एवं हनुमना के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में फंस गये थे और जीवन मरण के लिये संघर्ष करते रहे थे तब मैंने एक ट्वीट किया था और सोनू सूद ने तीन बसों की व्यवस्था कर लोगों को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य किया। शुक्ल ने कहा कि सोनू सूद द्वारा किये गये कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने हर मदद चाहने वाले लोगों की आगे बढ़कर मदद की, इसी का परिणाम है कि आज सोनू सूद सभी के दिल में बसते हैं। सोनू सूद जी की लोकप्रियता इतनी है कि हजारों-हजारों की संख्या में लोग आडिटोरियम के अंदर तथा बाहर खड़े हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डेज सोसायटी द्वारा राजकपूर जी की जयंती पर किया गया आयोजन अविस्मणीय रहेगा। राजकपूर आडिटोरियम कलाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बन गया है जहां कलाकार आत्मा भरने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अभिनेता सोनू सूद ने कहा कि लोगों की दुआओं से ही जिंदगी को रफ्तार मिलती है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल द्वारा कोरोना काल में किये गये ट्वीट ने मुझे रीवा के लोगों को उनके घर तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। रीवा वासी सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उप मुख्यमंत्री शुक्ल जैसा विजनरी सोच वाला व्यक्ति मिला है। सोनू सूद ने कहा कि रीवा से मेरा दिल से संबंध जुड़ गया है और यह हमेशा हमेशा तक कायम रहेगा और मैं हर समय उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर हॉलीबुड रसियन अभिनेत्री एलीना ने सोनू सूद की मानवता की प्रशंसा की तथा बताया कि राजकपूर जी रूस में बहुत ही लोकप्रिय हैं। कार्यक्रम में रीवा की धरती से जुड़े अभिनेता अर्जुन द्विवेदी ने कहा कि आयोजन समिति बधाई की पात्र है जिन्होंने बहुत सारे कलाकारों को एक मंच पर इक्ट्ठा किया।

## तेज रफ्तार वेगनआर ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

एजेंसी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अछल्दा थाना क्षेत्र के आशा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक अनवर (30) निवासी दलीपपुर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वेगनआर कार तेज गति में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद कार सवार वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सूचना मिलते ही अछल्दा थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वेगनआर कार को कब्जे में ले लिया है और फरार कार सवारों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक अनवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मृतक के परिजनों में घटना के बाद से कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और स्पीड नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर कमजोरी का रुख बना हुआ है। एआई सेक्टर के शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक कमजोरी के साथ बंद हुए। डाउ




जॉन्स ऊपरी स्तर से 400 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 1.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 406.17 अंक यानी 1.72 प्रतिशत टूट कर 23,187.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 164.85 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 48,622.90 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,649.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.21 प्रतिशत टूट कर 8,068.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 108.12 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,186.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ बाजार में से सात के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,702.56 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,257.81 के स्तर तक आ गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 116 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 26,019 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,573.97 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.65 प्रतिशत टूट कर 4,098.32 अंक के स्तर पर आ गया है।

इसी तरह निक्केई इंडेक्स 780.55 अंक यानी 1.54 प्रतिशत लुढ़क कर 50,056 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 317.79 अंक यानी 1.13 प्रतिशत फिसल कर 27,880.23 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 247.79 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,729 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,884.93 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## नदिया में मां की डांट से नाराज सातवीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

**नदिया :** नदिया जिले के कल्याणी में दोस्तों के साथ घूमने जाने की इच्छा रखने वाले सातवीं कक्षा के एक छात्र ने मां की डांट और मना करने के बाद आत्महत्या कर ली। कमरे से नाबालिग का लटका हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम देवरति तपादार था। उसकी उम्र 14 वर्ष थी। वह कल्याणी नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 के सीमांत तलतला इलाके का निवासी था। वह अपने माता-पिता के साथ रहता था और स्थानीय स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में देवरति ने अपने दोस्तों के साथ घूमने जाने की योजना बनाई थी। स्वाभाविक रूप से उसने अपनी मां से अनुमति मांगी। लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। उल्टे मां ने उसे डांट दिया। इससे नाराज होकर वह अपने कमरे में चला गया। रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मां ने कमरे में किशोर को फांसी पर लटका हुआ देखा। बहू की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े आए। जल्दबाजी में देवरति को नीचे उतारा गया और कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिवार के सदस्य रो-रोकर बेहाल हैं। मां का कहना है, ₹मैंने सोचा भी नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा सकता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से बंगाल में कम हुई ठंड

**कोलकाता :** पौष महीने की दहलीज पर पहुंच कर भी पश्चिम बंगाल में ठंड अपनी रफ्तार नहीं पड़ सकी है। आम तौर पर इस समय ठंड तेज हो जाती है, लेकिन इस बार हालात अलग हैं। सोमवार को कोलकाता में ठंड का असर काफी कमजोर नजर आया। रविवार दोपहर में मौसम ऐसा लग रहा था जैसे दिसंबर नहीं, बल्कि फरवरी का आखिरी हफ्ता हो। मौसम विभाग ने बताया है कि सुबह के समय ठंड जरूर पड़ रही है लेकिन धूप निकलते ही गर्मी बढ़ रही है, जिसके कारण मौसम में बदलाव हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिशा से आए मौसम के असर के कारण ठंडी और सूखी हवा का बहाव फिलहाल कमजोर पड़ गया है। इसकी वजह से उत्तर भारत से आने वाली ठंडक दक्षिण और पूर्वी हिस्सों तक नहीं पहुंच पा रही है। दूसरी ओर, दक्षिण-पूर्व दिशा से नमी वाली हवा आ रही है, जिससे दिन के समय गर्मी बढ़ रही है और रात का तापमान भी नीचे नहीं जा पा रहा। दिसंबर के पहले 14 दिनों की बात करें तो कोलकाता में न्यूनतम तापमान केवल दो दिन ही 14 डिग्री के आसपास पहुंच सका। आठ दिनों तक रात का तापमान 15 डिग्री के आसपास बना रहा। तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। इस महीने एक दिन ऐसा भी रहा जब दिन का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया। शुक्रवार को शहर का न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री दर्ज किया गया था, जिससे ठंड बढ़ने की उम्मीद जगी थी। लेकिन उसके बाद मौसम ने करवट ली और ठंड का असर अचानक कमजोर हो गया। रविवार दोपहर तक शहर में साफ तौर पर गर्मी जैसा माहौल बन गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक यही स्थिति बनी रह सकती है। जब तक उत्तर-पश्चिम से आए मौसम का असर पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक ठंडी हवा का बहाव सामान्य नहीं होगा। इसके बाद ही दक्षिण बंगाल में ठंड दोबारा बढ़ने की संभावना है। उत्तर बंगाल के जिलों में हालात थोड़े अलग हैं। दार्जिलिंग को छोड़ दें तो अलीपुरद्वार में रात का तापमान 9.1 डिग्री और कूचबिहार में नौ डिग्री तक पहुंच गया था। हालांकि वहां भी दिन चढ़ने के साथ तापमान तेजी से बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, दिसंबर के बीच में पहुंचने के बावजूद फिलहाल ठंड ने कदम पीछे खींच लिए हैं। मौसम साफ होने और उत्तर से ठंडी हवा चलने के बाद ही शहर में एक बार फिर ठंड का असर महसूस होने की उम्मीद है।

## तानसेन समारोह आज से, पांच दिन सुरों की बारिश से सराबोर रहेंगी संगीतधानी ग्वालियर की फिज़ाएं

**ग्वालियर :** भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन संगीत समारोह की बेला आ गई है। मध्य प्रदेश की संगीतधानी ग्वालियर में आज पांच दिवसीय तानसेन समारोह का भव्य आगाज होगा। तानसेन समारोह का यह 101वां आयोजन है। ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग से पूरी दुनिया को शून्य का परिचय करा रहे ह्लचतुर्भुज मंदिर की थीम पर तानसेन समाधि के समीप बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर आज सांध्य बेला में लगभग 6 बजे समारोह का शुभारंभ होगा। इसी मंच पर बैठकर देश और दुनिया के ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधक संगीत सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी हितेंद्र सिंह भदौरिया ने रविवार को बताया कि तानसेन समारोह के शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. राजा काले मुम्बई को वर्ष 2024 एवं सुविख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य को वर्ष 2025 के तानसेन अलंकरण से विभूषित किया जायेगा। इसी तरह मण्डलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 का राजा मानसिंह तोमर सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश और दुनियाँ के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह में इस बार अलग ही रंग भरे गए हैं। उन्होंने बताया कि 101वे तानसेन समारोह का आगाज सुबह 10 बजे हजीरा स्थित सुर सम्राट तानसेन की समाधि पर शहनाई वादन, ढोलीबुआ महाराज की हरिकथा व मीलाद वाचन एवं चादरपोशी के साथ पारंपरिक शुभारंभ होगा। सायंकाल 6 बजे समारोह की मुख्य सभाओं के लिए ग्वालियर किले पर स्थित ऐतिहासिक चतुर्भुज मंदिर की थीम पर बनाए गए भव्य मंच पर अतिथियों द्वारा औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद सांगीतिक सभाओं की शुरूआत होगी। तानसेन संगीत समारोह में इस साल 10 संगीत सभाएं होंगी। पहली सभा 15 दिसंबर को सायंकाल तानसेन समाधि परिसर में बनाए गए भव्य मंच पर सजेगी। इसके बाद हर दिन यहीं पर प्रातः एवं सायंकालीन सभाएं होंगी। समारोह के तहत 18 दिसम्बर को प्रातःकाल 10 बजे से दो संगीत सभाएं समानांतर रूप से सजेंगी। यह सभाएं तानसेन समाधि स्थल के मुख्य मंच व मुरैना जिले के सुप्रसिद्ध बटेश्वर मंदिर परिसर में संगीत सभा सजेगी। समारोह के आखिरी दिन यानि 19 दिसंबर को प्रातःकालीन सभा संगीत शिरोमणि तानसेन की जन्मस्थली बेहट में और इस साल के समारोह की अंतिम संगीत सभा सायंकाल गूजरी महल परिसर में सजेगी।

## गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के चौथे चरण के लिए टेंडर जारी

**मुंबई :** मुंबई मनपा ने महानगर के पूर्व और पश्चिम उपनगरों को जोड़ने वाली गोरेगांवझ्रमुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के चौथे चरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी लागत लगभग 1293 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। यह परियोजना से यातायात सुधरेगा और ईंधन व समय की बचत होगी। मनपा अधिकारियों के अनुसार, जीएमएलआर परियोजना मुंबई के चार प्रमुख पूर्वझ्रपश्चिम संपर्क मार्गों में से एक होगी। इसके पहले तीन चरणों पर काम प्रगति पर है। चौथे चरण की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य को गति मिलेगी। इस परियोजना के पूरे हेने बाद लोगों को समय और ईंधन की बचत के साथ ही प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। इस परियोजना को चार चरणों में पूरा किया जा रहा है। जीएमएलआर परियोजना कुल लगभग 12.20 किलोमीटर लंबी है। इसके चौथे चरण में मुलुंड की ओर का हिस्सा विकसित किया जाएगा। इसमें संजय गांधी नेशनल पार्क के नीचे से गुजरने वाली 4.7 किलोमीटर लंबी टनल भी शामिल है। यह टनल प्रोजेक्ट की सबसे तकनीकी और चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। परियोजना पूरी होने के बाद गोरेगांव से मुलुंड के बीच यात्रा का समय मौजूदा 70झ्र75 मिनट से घटकर लगभग 25 मिनट रह जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## बोरियो में14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से बोरियो स्थित सीएमटीसी झारखंड राज्य आजीविका सखी मंडल बोरियो में14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबगंज जिला जज शेखर कुमार बोरियो प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साह,ब्लॉक प्रोग्राम पदाधिकारी अखिलेश कुमार,जेएसपीएल के जॉब एंड स्किल राजेन्द्र कुमार,आसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक,वरीय संकाय राजहंस कुमार,संकाय उपेंद्र गोप,कार्यालय सहायक आकाश कुमार झारखंड आजीविका सखी मंडल की सामुदायिक समन्यक लाली कुमारी बैजयंती बैसाखी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।जिला जज ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन कर समाज वार देश के आर्थिक विकाश में सहयोग कर सकती है। और अपने परिवार को आर्थिक कमजोरी को मजबूत कर सकती,प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जेएस पीएलस और आसेटी आज समाज में बहुत अच्छा काम कर रही है और अभी प्रशिक्षुओ को उनके उज्जवल भविष्य का कामना किए।मौके पर बोरियो प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए कुल 35 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएमटीसी के संचालक जोहिरुल शेख, पूनम फूलकुमारी दीपिका कविता, पूनम,रंजीता सोरेन,सुजाता हेंब्रम,सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

## रिटायर्ड कॉलोनी निवासी श्यामल मुखर्जी की गुमशुदगी का मामला दर्ज



**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर वार्ड नंबर 17 रिटायर्ड कॉलोनी का निवासी स्वर्गीय देबो प्रसाद मुखर्जी के बेटे श्यामल मुखर्जी की गुमशुदगी का मामला चक्रधरपुर थाना में दर्ज कराया गया था। जिसकी तलाश अब तक जारी है। वह घर ढाई साल बीत जाने के बाद भी नहीं लौटा है। बड़े भाई तरुण मुखर्जी ने चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज करा कर कहा था कि उसके छोटे भाई श्यामल मुखर्जी मानसिक रूप से विक्षिप्त है, पहले वह घर से बाहर 5 , 6 दिनों के लिए कहीं जाता था फिर वापस आ जाता था, लेकिन वह अप्रैल फर्स्ट वीक 2023 के बाद जो घर से निकला तो आज तक वापस नहीं आया, उसकी खोजबीन आसपास और रिश्तेदारों के घर काफी की गई पर वह नहीं मिला। उसकी तलाश आज तक जारी है। इनके बारे में सूचना और जानकारी देने वाले को समुचित पुरस्कार नगद राशि के रूप में दिया जाएगा, सूचना इस नाम और मोबाइल धारक को देने की कृपा करेंगे।

## जिला कला संस्कृति संघ की आयोजित बैठक संपन्न



**दुमका :** रविवार को जिला कला संस्कृति संघ, दुमका के बैनर तले संघ के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी वार्षिकोत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया। संघ के कोषाध्यक्ष मधुर सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में सभी सदस्यों के आपसी सहमती से यह तय किया गया कि आगामी 30 दिसंबर 2025, पूर्वाह्न 11 बजे स्थानीय इनडोर स्टेडियम के भीतरी प्रांगण में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागी गायन, वादन, नृत्य, नाटक, पुस्तक प्रदर्शनी, कविता पाठ,आर्केस्ट्रा, चित्रकारी एवं फोटोग्राफी प्रदर्शनी आदि विधा में अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं। सभी सदस्यों की आम सहमति से यह तय किया गया कि इस वर्ष गायन प्रतिभागियों के लिए केरोके सॉन्ग की अनुमति नहीं होगी। एकल प्रतिभागियों हेतु प्रतिभागिता शुल्क 100 रुपए एवं समूह प्रतिभागियों के लिए 500 रुपए तय की गई।

सभी प्रतिभागियों हेतु ऑडिशन मिनी इंडोर स्टेडियम में 27 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि गूगल फॉर्म द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आगामी 21 दिसंबर 2025 को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें कार्यक्रम के तैयारी की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न कला विधाओं के संयुक्त सचिव को प्रभार आवंटित किया गया।

बैठक में उमा शंकर चौबे, महेंद्र प्रसाद साह , प्रेम केशरी, डॉ.मनोज कुमार घोष, नवीन चंद्र ठाकुर, सागर कुमार, सुनील शर्मा, डॉ. मधुर कुमार सिंह, संगीता सिन्हा, डॉ. मुकेश कुमार, बद्री नारायण भगत, मानवेल सोरेन, राधेश्याम वर्मा, ऋतुराज, अरुण सिन्हा, नैयर आजम, अनिल कुमार साह, संजय कुमार, संदीप कुमार जय बमबम, अनिकेत झा, अंजनी शरण, अमरेंद्र सुमन, विष्णु देव महतो, अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## पाकुड़ में सड़क दुर्घटना, बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत

**पाकुड़ :** जिला में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुटलो गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार लोगों की मौत हो गयी. ये घटना रविवार की शाम की है. इस हादसे की सूचना मिलते ही सिमलौंग आउटपोस्ट की पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों को अस्पताल भेज दिया गया.

प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक साहिबगंज-गोबिंदपुर हाइवे में एक ब्रेकडाउन ट्रेक्टर खड़ी थी. बाइक चालक ने आकर ट्रेक्टर में धक्का मार दिया जिस कारण दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटे आयी. आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना सिमलौंग ओपी की पुलिस को दी.

सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ पहुंचे और सड़क पर गिरे दोनों लोगो को इलाज के लिए लिट्टीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उन दोनों को मृत घोषित कर दिया. इधर पुलिस दोनों मृतकों की पहचान के लिए आसपास के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियो से संपर्क किया और इसकी पहचान कर उसके परिजनों को सूचना देने की अपील की. सिमलौंग आउटपोस्ट प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि कुटलो गांव के निकट के खड़ी ब्रेकडाउन ट्रेक्टर में बाइक चालक ने धक्का मार दिया. जिस कारण दोनों सड़क पर गिर गया था और मिली सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया.

# धनबाद रेलवे स्टेशन के बाहर लगी भीषण आग, मौके पर मौजूद थी भारी भीड़

संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर रेलवे के एक शोपीस के पास अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना से मौके पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय स्टेशन के बाहर काफी भीड़ थी। हालांकि राहत की बात है कि आग की इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

दरअसल, धनबाद रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने पार्किंग एरिया की तरफ एक कोयले का स्टैचू बनाया गया है। इस स्टैचू को चारों तरफ ग्रिल से घेराबंदी की गई है। अचानक इसी कोयल के स्टैचू में आग लग गई। आग इतनी भयावह था कि देखते ही देखते आग की लपटें ऊपर उठने लगी।

आग बुझाने के लिए रेलवे कर्मचारी और रेल पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। पार्किंग एरिया में मौजूद लोग भी मदद के लिए पहुंचे। लेकिन आग बुझाने के लिए वहां पानी के इंतजाम नहीं थे। फिर लोगों ने स्टेशन गेट के पास रखा बालू से भरी बाल्टी लाया और आग बुझाने की कोशिश की। हालांकि थोड़ी देर बाद दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई और आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।



अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि कोयले की अनुकृति में थमोकोल और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जो आग के संपर्क में आते ही धधक उठी। आशंका जताई जा रही है कि सिगरेट या फिर कोई अन्य ज्वलनशील पदार्थ स्टैचू एरिया में फेंक दिया गया हो, जिससे आग लग गई।

वहीं, दमकल कर्मी श्रीकांत उपाध्याय ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। आग कैसे लगी फिलहाल अभी कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है।

## भाजपा ने की मंडल अध्यक्ष व प्रतिनिधि की घोषणा



संवाददाता

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डंगालपाड़ा, दुमका में रविवार को संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने की। बैठक में संगठन पर्व के चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन लेकर विधिवत रूप से मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधियों की आधिकारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से दुमका जिला चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, दुमका संसदीय क्षेत्र के पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन, जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू )एवं जिला चुनाव सह अधिकारी बबलू मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

घोषणा के उपरांत सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दुमका जिला चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधियों का चयन पूरी तरह लोकतांत्रिक, पारदर्शी और संगठनात्मक परंपराओं के अनुरूप किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। दुमका संसदीय क्षेत्र के पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की शक्ति और समर्पण पर आधारित है। मंडल स्तर पर मजबूत नेतृत्व से पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू) ने कहा कि मंडल अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि संगठन की रीढ़ होते हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन हित में अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

अंत में जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया। बैठक में जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्षगण, मंडल प्रतिनिधि एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हमें आपपर गर्व है सर

### देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को सम्मानित किया गया



बिनय मिश्रा

देवघर के लोकप्रिय उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के बेहतर और उत्कृष्ट कार्य से एक ओर जहाँ जिला की पहचान पूरे राज्य में बनी है वहीं उनकी उपलब्धि और कामयाबी के फलस्वरूप उन्हें सम्मानित भी किया गया। यह सम्मान आलौकिक और उत्साहवर्धक है क्योंकि उनकी हूबहू चित्र भेंटकर यह संदेश दिया गया कि - सर आप तो आप ही हैं

गौरतलब हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 बैच के आईएएस अधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा सात माह में ही देवघर को बेहतर जिला बनाने में सफल रहें हैं। ऐसे उपायुक्त से जिला और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## जमशेदपुर के मानगो थाना में दो पक्ष आपस में भिड़े, जमकर की तोड़फोड़

संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिले के मानगो थाना में पुराने विवाद को लेकर रविवार देर रात दो पक्ष आपस में भिड़ गए. इस दौरान थाने के अंदर मारपीट और तोड़फोड़ भी की गई. जिसमें कई लोग घायल हो गए. घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई है. डीएसपी ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की गई और चार लोगों को हिरासत में लिया गया है.

हमले में पुलिसकर्मी भी घायल

दरअसल, 14 दिसंबर रविवार देर रात मानगो थाना परिसर में पुराने मामले को लेकर दो पक्ष ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिससे हालात बिगड़ गई और थाने में अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान मारपीट और तोड़फोड़ भी की गई, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आईं हैं. स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद क्यूआरटी को बुलाया गया.



कार की टक्कर को लेकर शुरू हुआ था विवाद

इधर, सूचना मिलते ही डीएसपी भोला प्रसाद मानगो थाना पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. घटना की जानकारी के मुताबिक मानगो रोड नंबर 1 पर गाड़ियों की आपस में टक्कर हो गई थी. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले सड़क पर मारपीट हुई, जिसमें दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए. इसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचे, लेकिन वहां पर भी विवाद शुरू हो गया और दोनों आपस में भिड़ गए.

पहले पक्ष के सईद खान का आरोप है कि कार टकराने के बाद शायान अहमद ने अपने साथी संजू और सरफराज के साथ मिलकर उस्तरा से हमला कर दिया, जिसमें सैफ अली और अमीर आलम घायल हो गए. वहीं, दूसरे पक्ष के मुख्तार अहमद का कहना है कि शायान अपने साथियों के साथ कार से जा रहा था, तभी रहमत खान और उनके बेटों ने कार पर पथराव कर दिया, जिसमें संजू गंभीर रूप से घायल हो गया.

## जमशेदपुर में आज से धान अधिप्राप्ति शुरू

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य सरकार की बहुप्रतीक्षित धान अधिप्राप्ति योजना 2025-26 की शुरूआत सोमवार से होने जा रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से पूर्वी सिंहभूम जिले में इसकी व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।इस योजना के तहत, पूर्वी सिंहभूम जिले में कुल 54 लैम्पस को धान खरीद केंद्र बनाया गया है। इन्हीं लैम्पस पर आज से किसानों से धान की खरीद शुरू होगी। उद्घाटन की औपचारिकता स्थानीय विधायक, सांसद या उनके प्रतिनिधि द्वारा पूरी की जाएगी।पूर्वी सिंहभूम जिले को इस वर्ष धान अधिप्राप्ति के लिए छह लाख क्विंटल का लक्ष्य तय किया गया है, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक है। यह जिले के किसानों के लिए एक बड़ी राहत और अवसर है।धान खरीद की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए सभी 54 लैम्पस को जिले की 20 चावल मिलों से टैग किया गया है।ये राइस मिल लैम्पस से सीधे धान का उठाव करेंगी।धान उठाने के एवज में, ये मिलें निर्धारित गुणवत्ता का तैयार चावल राज्य खाद्य निगम को सौंपेंगी।

## 4 जनवरी को दुमका में मनाया जाएगा अतांङदाराम दिसोम सोहराय पोरोब



**दुमका :** शहर के दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति की बैठक दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। प्रत्येक सप्ताह के भांति इस सप्ताह भी साप्ताहिक पूजा के पश्चात हुई बैठक में आतांङ दाराम दिसोम सोहराय पोरोब आगामी 4 जनवरी, 2026 (रविवार) को सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ बैठक के पश्चात प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आगामी सोहराय पर्व की सफल आयोजन को लेकर सारी बातें मीडिया के सामने रखते हुए सभी लोगों से उक्त सोहराय पर्व में शामिल होने के लिए आव्हान किया गया। सोहराय के दिन प्रातः 7 बजे नायकी बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में गोट पूजा होगी। दोपहर 12:00 से अतिथियों का आगमन होगा। उनका स्वागत संताली रितिरिवाज से धूम-धाम के साथ किया जाएगा। वहीं दोपहर 1:30 से प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। उसके साथ ही साथ पारंपरिक सोहराय नृत्य शुरू हो जाएगी। दिसोम मांझी थान समिति ने सभी दिसोम पेड़ा को इस सोहराय पर्व में आमंत्रण किया है। साथ ही आग्रह भी किया की सभी उस दिन को अपने पारंपरिक पोशाक पंछी-लूंगी में आने की बात कही।

मौके पर टेकलाल मरांडी, रामप्रसाद हांसदा, अनिल बेसरा, निलेश हांसदा, सिद्धौर हांसदा, प्रेम हांसदा, मोहन टुडू, सुनील मरांडी, संदीप मुर्मू, शिवकांत मुर्मू, शिवशंकर सोरेन, लैंड मुर्मू, ईमेल मरांडी, लवकिशोर टुडू, विशेश्वर मरांडी, अनूप हांसदा, जोसेफ मरांडी आदि मौजूद रहे।

## सीजीएल परीक्षा में सफल बच्चों को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**देवघर :** शहर के अम्बेडकर पुस्तकालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा सीजीएल परीक्षा में सफल बच्चों को बेहतर और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ संविधान की किताब देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि मीठे फल भी उन्हीं पेड़ों पर लगते हैं, जो आँधी, तुफान, बारिश और कड़ी धूप में भी झुक कर खड़े होते हैं, आकाश की और देखते हुए और तन के खड़े पेड़, तो हल्की से वायु के झोके से भी टूट जाते हैं। मनुष्य भी कुछ इसी प्रवृत्ति का प्राणी है, जिसने जीवन के विषम परिस्थितियों को हँसकर झेल लिया सफलता उसी के पैरों में आ गिरती है, अन्यथा परिस्थिति अस्वीकार करने और उससे घबरा कर हौसला त्याग देने वाले लोग अक्सर टूट जाया करते हैं। अपने हौसलों को उंची उड़ान देते हुए आप सभी ने इसे चरितार्थ किया है। आगे उपायुक्त ने कहा कि सीजीएल और अन्य विभिन्न सरकारी प्रतियोगिता जैसी कठिन परीक्षा में आप सभी ने सफलता प्राप्त कर देवघर का मान बढ़ाया है। आज आप सभी ने उस पद को प्राप्त किया है जो खुद सम्मान के लायक है। ऐसे में आप सभी ने अपने माता-पिता के साथ जिले का मान बढ़ाया है। आज आप सभी लाखों




छात्रों के मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रोत के माध्यम है। ऐसे में मुस्कुराते हुए अपने कार्य पथ पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश और समाज को आगे बढ़ाने की जवाबदेही और जिम्मेवारी आपके उपर होगी।

आगे उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि पुस्तकालय के बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में जहां भी रहें, जिस कर्तव्य में रहें समाज के लिए मददगार बनें। लेकिन एक बात का हमेशा स्मरण रखें कि माता-पिता का हमेशा ख्याल रखें, जिस तरह उन्होंने बच्चे में आपका ख्याल किया आप भी बुढ़ापे में उनका ख्याल रखें। साथ ही उपायुक्त ने आदर्श विद्यार्थी के रूप में व्यक्तित्व का विकास, कम्युनिकेशन स्कील और स्पोर्ट्स के प्रति झुकाव के साथ सोशल मीडिया के सही इस्तेमाल और नुकसान से बच्चों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने समय का सदुपयोग अपने जीवन में सुनिश्चित करें और कभी किसी से अपनी तुलना नहीं करें।

मौके पर अम्बेडकर पुस्तकालय के अधिकारी एव बड़ी संख्या में अम्बेडकर पुस्कालय के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।